प्रत्येक मनुष्य एक अधूरा इंद्रधनुष है, जो जीवन भर अपने खोए हुए रंगों को खोजता रहता है। रंगीन इंद्रधनुष की तरह जीवन में सभी रंग भरने के लिए निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए...


yashbharat.co.in

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 185- ●जबलपुर ● शनिवार, 5 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935





तिलक वर्मा के शानदार... पेज 7


### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 24.5 डिग्री

दोपहर 12 बजे तक 23.1 डिग्री

बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### श्रीरंगम मंदिर के पूर्वी प्रवेश द्वार की टावर की दीवार गिरी, कोई हताहत नहीं

चेन्नई ● ईएमएस
yashbharat.co.in

तमिलनाडु के विश्व प्रसिद्ध श्रीरंगम श्री रंगनाथस्वामी मंदिर के पूर्वी प्रवेश स्तम्भ की दीवार का एक हिस्सा शनिवार सुबह ढह गया। यहां प्राप्त सूचनाओं में कहा गया है कि सुबह करीब दो बजे हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पूर्वी तरफ के प्रवेश द्वार की पहले और दूसरे स्तर की परिसर की दीवारों में दरारें आने के बाद मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान पहले स्तर की दीवार का एक हिस्सा ढह गया। इस घटना से आज सुबह मंदिर में जमा हुये भक्तों में हड़कंप मच गया। शनिवार का दिन वैष्णव देवताओं के लिए शुभ माना जाता है। मौके से कंक्रीट का मलबा हटाने की कोशिशें जारी हैं। श्रीरंगम 108 दिव्यदेसम वैष्णव मंदिरों में नंबर एक मंदिर है और भगवान विष्णु को समर्पित है।

### पश्चिमी तट में इजरायली निवासियों, सैनिकों के साथ संघर्ष में मारे गये 2 फिलिस्तीनी

रामल्लाह, ● ईएमएस
yashbharat.co.in

वेस्ट बैंक में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में इजरायलियों के साथ झड़प के दौरान दो फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कुसई मातन( 19 ) की नब्लस के उत्तर-पश्चिम में बुर्का गांव में झड़प के दौरान इजरायली निवासियों द्वारा गोली मारने से मौत हो गई। जबकि दो अन्य फिलिस्तीनी मामूली रूप से घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि बुर्का में दर्जनों फ़िलिस्तीनियों और इज़रायली निवासियों के बीच झड़पें हुईं। मंत्रालय के अनुसार, उत्तरी वेस्ट बैंक में तुलकेरेम के पास नूर शम्स शरणार्थी शिविर में झड़प के दौरान, 18 वर्षीय महमूद अबू सान की सिर में इजरायली सैनिकों द्वारा गोली मारने से मौत हो गई। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा वांछित फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार करने के लिए इजरायली सेना बल द्वारा क्षेत्र पर हमला करने के बाद शरणार्थी शिविर में झड़पें शुरू हो गईं। इस बीच इज़रायली सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने उन फ़िलिस्तीनियों पर गोली चलाई जिन्होंने उन पर पत्थर और विस्फोटक फेंके।

### जम्मू-कश्मीर में फिर भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर इतनी रही तीव्रता

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

जम्मू-कश्मीर की धरती एक बार फिर भूकंप के झटकों से हिल उठी। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.7 मापी गई। जानकारी के मुताबिक सुबह 8 बजकर 36 मिनट पर आए इस भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में था। भूकंप के झटकों से जानमाल के किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। हालांकि माना जा रहा है कि भूकंप की तीव्रता कम होने के चलते जानमाल को नुकसान होने की संभावना बेहद कम है। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में इस साल कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि इसकी तीव्रता कम रही है फिर भी लगातार आ रहे भूकंप के झटकों से लोगों में दहशत भी है।

# मणिपुर में फिर हिंसा, 3 की मौत

## पिछले 24 घंटे से फायरिंग जारी, मैतेई समुदाय के लोगों ने बफर जोन क्रॉस किया

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in



मणिपुर में सुरक्षाबलों और मैतेई समुदाय के बीच पिछले 24 घंटे से झड़प जारी है। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई। ये हिंसक झड़प टेराखोंगसांगबी कांगवे और थोरबुंग में हुई हैं। यह इलाका कुकी-मैतेई के बीच का बॉर्डर है, जो बफर जोन कहलाता है। मृतकों की पहचान युमनम जितेन मैतेई ( 46 ), युमनम पिशाक मैतेई ( 67 ) और युमनम प्रेमकुमार मैतेई ( 39 ) के रूप में की गई है, जो सभी क्वाक्टा लामल्हाई के रहने वाले हैं। हमलावर बफर जोन क्रॉस करने की कोशिश कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने जब रोका तो इनके बीच झड़प शुरु हो गई। इस दौरान फायरिंग भी की गई। सुरक्षाबलों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। मणिपुर में बड़ी घटनाएं. महिलाओं का प्रदर्शन, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे तीन दिन पहले मैतेई महिलाओं ( मीरा पाइबीज ) और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हुई थी, तब सुरक्षाबलों ने महिलाओं को हटाने के लिए स्मोक बॉम्ब और टीयर शेल्स छोड़े थे और हवाई फायरिंग की थी।महिलाओं के पीछे हटने के बाद सैंकड़ों हथियार बंद लोगों ने मोर्चा संभाल लिया था और आशंका जताई जा रही थी कि सुरक्षाबलों और हथियारबंद लोगों के बीच गन फाइट हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक हाल में हुई मौतें इसी गनफाइट का नतीजा हैं। इलाके में अभी भी फायरिंग जारी है।

### इंफाल वेस्ट में एक पुलिसकर्मी की मौत

इंफाल वेस्ट पर उग्रवादियों की गोली लगने से एक पुलिसकर्मी ऋषि की मौत हो गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पहाड़ी इलाके से एक स्नाइपर ने निशाना लगाकर पुलिसकर्मी के सिर में गोली मारी थी। जिसके बाद मौके पर उनकी मौत हो गई।

### भीड़ ने लूटे 20 हजार से ज्यादा कारतूस

3 अगस्त को मणिपुर में भीड़ ने दो थानों पर हमला कर दिया था। भीड़ ने मोइरंग थाने पर हमला कर 685 हथियार और लगभग 20 हजार से ज्यादा कारतूस लूट लिए। लूटे गए हथियारों में एके-47, इंसास राइफल्स, हैंड गन, मोर्टार, कार्बाइन, हैंडग्रेनेड और बम शामिल हैं। भीड़ ने बिष्णुपुर के ही नारानसेना थाने पर भी हमला किया, लेकिन यहां से लूटे गए हथियारों का ब्योरा जारी नहीं हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों से एनकाउंटर में 3 जवान शहीद

### सुरक्षाबलों से AK-47 राइफल लेकर भागे दहशतगर्द

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना के तीन जवान शहीद हो गए. इस दौरान सुरक्षाबलों से चार,च-47 राइफल लेकर आतंकवादी भाग गए. आतंकियों का सुराग लगाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया है. अधिकारियों ने बताया कि इलाके को घेरकर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों को कुलगाम जिले के हल्लन वन क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सेना के जवानों ने घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया. आतंकवादियों ने इस दौरान सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद जवानों ने क्रॉस फायरिंग की और ये सर्च ऑपरेशन मुठभेड़ में बदल गया। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी में सुरक्षा बल के तीन जवान घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक ट्वीट में बताया, कुलगाम में हल्लन की ऊंचे इलाकों में आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने 4 अगस्त को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। ट्वीट में आगे कहा गया, आतंकियों की ओर से गोलीबारी के बाद यह ऑपरेशन मुठभेड़ में बदल गया. इस मुठभेड़ में सेना के तीन जवान गोली लगने से घायल हो गए, जिनकी बाद में मौत हो गई. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।



## हाथरस में दर्दनाक हादसा, ट्रैक्टर ट्रॉली और कैंटर की भिड़ंत में 5 लोगों की मौत; कई घायल

उत्तर प्रदेश के हाथरस में दर्दनाक हादसा हुआ। थाना सहपऊ क्षेत्र में बीती रात को एक ट्रैक्टर ट्रॉली तथा डंपर में हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई है। ये हादसा इतना दर्दनाक था कि इसमें दर्जनभर से ज्यादा लोग घायल हैं। सादाबाद-जलेसर रोड पर सहपऊ क्षेत्र में नलगा ब्राह्मण के पास शुक्रवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली कैंटर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। कैंटर चालक वहां से भाग गया। हादसे में करीब दर्जनभर श्रद्धालु घायल हैं। बता दें कि पांच लोगों की इस हादसे में मौत हो गई है। घायलों को आगरा और अलीगढ़ रेफर किया गया है। घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।



### ट्रैक्टर-ट्रॉली से मथुरा जा रहे थे श्रद्धालु

एटा जनपद के थाना सकरौली क्षेत्र के गांव गढ़िया मौजपुर से श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्राली शुक्रवार की रात्रि को मथुरा-वृंदावन जा रहे थे। ग्रामीणों के साथ आगरा, फिरोजाबाद क्षेत्र के उनके रिश्तेदार भी थे। जलेसर-सादाबाद रोड पर सहपऊ क्षेत्र में नगला ब्राह्मण के पास सादाबाद की तरफ से आ रहे कैंटर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। कैंटर चालक वहां से गाड़ी को भगाकर ले गया। इधर टक्कर के बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली सड़क किनारे पलट गए। इसमें 25 से अधिक लोग सवार थे। यह लोट ट्रैक्टर-ट्राली में दब गए।

### टक्कर के बाद मची चीख-पुकार

हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सहपऊ, सादाबाद और अन्य थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। गांव के लोग भी वहां पहुंच गए। लोगों को ट्रैक्टर-ट्राली से निकालने में जुट गए। एंबुलेंस आने में देरी होने पर सीओ और पुलिस की गाड़ियों से घायलों को सीएचसी सादाबाद भिजवाया गया। यहां से गंभीर हालत होने पर अलीगढ़ और आगरा के लिए रेफर कर दिया गया। एसडीएम संजय सिंह, सीओ गोपाल सिंह समेत कई थानों की पुलिस घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे रहे।

## ज्ञानवापी परिसर में सर्वे जारी, खास तकनीक से जांच की तो मिले अहम सबूत

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

ज्ञानवापी परिसर में आज दूसरे दिन भी एएसआई टीम का सर्वे शुरू हो गया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, आज हो रहे सर्वे में मुस्लिम पक्ष के वकील भी शामिल हुए हैं। आपको बता दें कि सुप्रीम कोर्ट और इलाहाबाद हाईकोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद ज्ञानवापी परिसर में,स्ढ्ढ का सर्वे जारी है। इस बीच वाराणसी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात हैं। हिंदू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि एएसआई सर्वे आज सुबह 9 बजे शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी से अपील करते हैं कि सर्वेक्षण में सहयोग करें और इसे जल्द से जल्द पूरा करें। वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर आए हैं। हम चाहते हैं कि मामला जल्द सुलझ जाए।



### पहले दिन के सर्वे में मिले ये साक्ष्य

,स्ढ्ढ टीम सर्वे के लिए जब ज्ञानवापी परिसर में पहुंची तो टीम का सबसे ज्यादा ध्यान पश्चिमी दीवार पर रहा। पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी की गई। सबसे पहले दीवार के आसपास की जमीन पर घास को अपने हाथों से उखाड़ा। जब दीवार नजर आई तो यहां बनी कलाकृतियों की जांच की गई। यहां दीवार में एक दरवाजे को पत्थरों से बंद किया गया है। इस दरवाजे की बनावट भी दीवार से मेल खाती है या नहीं, इसकी भी जांच की गई। चूंकि पहले दिन के सर्वे में मुस्लिम पक्ष की ओर से किसी के मौजूद न रहने से तहखानों व गुंबद के नीचे मौजूद कमरे की चाबी नहीं मिल पाई थी।

## नूंह में हिंसा के बाद फिर गरजा बुलडोजर खाली कराए जा रहे कब्जे, तोड़ी गईं दुकानें

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

हरियाणा के नूंह में हिंसा से माहौल में तनाव है. इस बीच, जिला प्रशासन ने एक बार फिर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया है. शनिवार को यहां सायरूगवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के पास अवैध दुकानें तोड़ी गई हैं. इसके साथ ही अवैध कब्जे भी खाली कराए गए हैं. शनिवार सुबह नूहं प्रशासन की टीम नलहार मंदिर के रास्ते में स्थित अस्पताल के ठीक सामने पहुंची और वहां अवैध कब्जों को हटाने का काम शुरू कर दिया. शहर में लगातार बुलडोजर की कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वाले लोगों में हड़कंप है. जानकारी के मुताबिक, ये कार्रवाई डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर (NUH) की तरफ से की जा रही है. करीब 40 दुकानें अवैध हैं, इन्हें तोड़ा जा रहा है. ये वो जगह है, जहां पर 31 जुलाई को हिंसा भड़कने के बाद गाड़ियां जलाई गई थीं और पत्थरबाजी हुई थी. नूंह में शनिवार को नई गांव, सिंगार, बिसरू, डुडोली पिंगवा, फिरजोपुर में भी बुलडोजर चलेगा. प्रशासन से जुड़े लोगों का कहना है कि यहां अवैध कब्जे हटाए जाएंगे.



### प्रशासन ने कहा- सीएम के आदेश पर एक्शन

नूंह के स्ष्ठरूअश्विनी कुमार ने बताया कि सीएम के आदेश पर कार्रवाई हुई है. सारा अवैध निर्माण है. दंगों में भी ये लोग शामिल थे, इसलिए सीएम के आदेश पर कार्रवाई की जा रही है. मौके पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक, अवैध कब्जे की जमीन खाली करवाई जा रही है. इससे पहले शुक्रवार को स्थानीय प्रशासन ने चार जगहों पर बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण हटाए थे. गुरुवार को नूहं के तावडू में बुलडोजर चला था।

### रोहिंग्याओं की 200 झुग्गियां जमींदोज

पुलिस ने तावडू रोहिंग्याओं और अवैध घुसपैठियों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया था. बताया जा रहा है कि इन रोहिंग्याओं ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ था. पुलिस ने बुलडोजर से 200 से अधिक झुग्गियां को गिरा दिया. बुलडोजर का एक्शन करीब 4 घंटे तक चला. बताया जा रहा है कि इन झुग्गियों में बांग्लादेश के काफी लोग अवैध तरीके से रह रहे हैं. इनमें से कई लोग हिंसा में शामिल थे।

### मेवात-नूंह में 31 जुलाई को हुई थी हिंसा

बता दें कि हरियाणा के नूंह-मेवात में 31 जुलाई को बृजमंडल यात्रा निकाली गई थी. इसी दौरान यात्रा पर पथराव हो गया. देखते ही देखते यह विवाद दो समुदायों के बीच हिंसा में बदल गया. सैकड़ों कारों को आग लगा दी गई. साइबर थाने पर भी हमला किया गया. हिंसा में 2 होमगार्ड समेत 6 लोगों की मौत हो गई।

## गंगालूर एरिया कमेटी के तीन नक्सलियों का आत्मसमर्पण

### कई बड़े हमलों में रहे थे शामिल

बीजापुर ● ईएमएस
yashbharat.co.in

छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी के तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इसमें जनमिलिशिया कमाण्डर सन्नू पूनेम उर्फ रमेश, डीएकेएमएस सदस्य सोनू पूनेम एवं आरपीसी पुसनार संघम सदस्य आयतु पूनेम शामिल है। 4 अगस्त शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, उप पुलिस अधीक्षक सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तुलसी राम लेकाम के समक्ष नक्सलियों की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।



सन्नू पूनेम ऊर्फ रमेश, नक्सली संगठन में साल 2003 में गंगालूर एरिया कमेटी मे बुरजी संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ?। साल 2004 में गंगालूर एरिया कमेटी में डीएकेएमएस सदस्य के पद पर संगठन का कार्य दिया गया। साल 2005 में थाना गंगालूर अंतर्गत राहत शिविर पर हमला किया।? साल 2006 में सलवा जुडुम कार्यकर्ता बुधराम राणा की हत्या में शामिल रहा। साल 2019 पुसनार बेरूदी नदी के पास आईईडी ब्लास्ट एवं फायरिंग की घटना में शामिल। वहीं सोनू पूनेम के खिलाफ थाना गंगालूर में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, बल्वा, आर्म्स एक्ट एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं में 6 स्थाई वांरट लंबित है। आयतु पूनेम साल 1995 में गंगालूर एरिया कमेटी में पुसनार संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती किया गया । साल 1995 से 1997 तक पुसनार संघम सदस्य के पद पर संगठन में कार्य किया। साल 1998 में डीएकेएमएस सदस्य का कार्य दिया गया। पीड़िया में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल रहा। साल 1998 में कमकानार मतदान केन्द्र लूट की घटना में शामिल होने के साथ मतदान केन्द्र पर फायरिंग एवं विस्फोट करने की घटना में शामिल रहा। साल 2002 में पुसनार पंचायत भवन में तोड़फोड़ एवं लूट की घटना में शामिल। साल 2009 में तोड़का नाला के पास पुलिस पार्टी पर फायरिंग की घटना में शामिल, घटना में 1 एसपीओ घायल हुआ था।

## गुरुग्राम के भोड़काला में उपद्रवियों ने कार में लगाई आग



नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

नूंह हिंसा मामले में अब तक 102 एफआइआर दर्ज कर 202 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। दो आरोपितों को और रिमांड पर लिया गया जिससे रिमांड पर चल रहे आरोपितों की संख्या 21 हो गई। पकड़े गए आरोपितों में सभी हिंसा में शामिल पाये गए लेकिन हिंसा के मास्टरमाइंड की पहचान कर अभी गिरफ्तारी करना शेष है। मेवात के नूंह में 31 जुलाई को जलाभिषेक यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद जिला में शांति व्यवस्था फिर से पटरी पर आने लगी है। चार दिनों में कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। शुक्रवार को जुमे की नमाज मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रशासन की अपील पर घरों में ही पढ़ी। पूरे जिला में ईदगाह- मस्जिदों के बाहर अर्धसैनिक बल के जवान पुलिस अफसरों के साथ तैनात नजर आए। इस मामले में अब तक कुल 202 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 102 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इंटरनेट सेवा बंद रही वहीं दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक तीन घंटे के लिए छूट दी गई, लेकिन बाजारों में सन्नाटा छाया हुआ था। गिनीचुनी दुकान ही खोली गई।गुरुग्राम के भोड़काला गांव में एक कार में उपद्रवियों ने आग लगाई।

आयोजन — कृषि विपणन बोर्ड के स्वर्ण-जयंती का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया

## कृषि उपज मण्डी की उत्तम व्यवस्था से किसानों को फसलों का उचित मूल्य : मुख्यमंत्री

भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कृषि उपज मण्डी की उत्तम व्यवस्था से किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल पा रहा है। यह सब आप सबके निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि मण्डी समितियों ने जिन्सों की आवक और मण्डी की आय में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है। मैं प्रदेश के सभी किसानों और मण्डी बोर्ड की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। मुख्यमंत्री चौहान प्रशासन अकादमी में मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के स्वर्ण-जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन और कन्या-पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा, राज्य नीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया, गौरीशंकर बिसेन, राज्य कृषि विपणन बोर्ड की उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू दादू, दर्शन सिंह चौधरी ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मूलत-हम सभी किसान हैं। मैंने खेती-किसानी की है और हल-बक्खर चलाया है। अत- किसानों के दुख-दर्द और परेशानियाँ समझते हैं। सरकार किसानों के कल्याण और उन्हें उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिये निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बोर्ड के शेष चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का भी आमेलन किया जायेगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में किसानों को हर तरह की सुविधाएँ दी जा रही हैं। किसान अब एमपी फार्म एप के माध्यम से अपनी कृषि उपज को अपने घर, खेत अथवा गोदाम कहीं से भी आसानी से विक्रय कर सकते हैं। इलेक्ट्रिक तौल-काँटे से लेकर बोली लगाने के लिये सरकारी कर्मचारी तक की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया गया है। किसानों को अपने खेत-खलिहानों से ही फसल बेचने की सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बोर्ड के अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि मण्डी में जो नीलामी होती है, उसमें 2 प्रतिशत से अधिक कमीशन न काटा जाये। मुख्यमंत्री चौहान ने बोर्ड की 50 वर्ष की सफल यात्रा के लिये सभी संबंधितों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी बोर्ड निरंतर किसानों के कल्याण और प्रदेश के विकास के लिये कार्य करता रहेगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन दूनी-रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर निरंतर कृषि कर्मण अवार्ड जीत रहा है। यह हमारे प्रदेश के किसानों के परिश्रम का प्रतिफल है। कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि सरकार ने किसानों को कई सौगातें दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किसान को अतिरिक्त आय अर्जित हो रही है। कार्यक्रम में हम्मालों और तुलावटियों को सम्मानित भी किया गया।



## चंद्रयान-3 का दो तिहाई सफर पूरा, आज शाम 7 बजे चंद्रमा की कक्षा में करेगा प्रवेश




नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

भारत का चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक तेजी से चांद की ओर बढ़ रहा है और आज यह चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को जानकारी दी है कि चंद्रयान-3 ने अभी तक दो तिहाई सफर पूरा कर लिया है और शनिवार को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को चांद की ओर रवाना किया गया था। इसरो के मुताबिक, जब से चंद्रयान-3 को लॉन्च किया गया है, तब से अभी तक चंद्रयान की कक्षा में कुल 5 बार बदलाव किया गया है। 1 अगस्त को स्लिंगशॉट के बाद पृथ्वी की कक्षा छोड़कर यान चांद की ओर रवाना हुआ था और अब 5 अगस्त को शाम 7 बजे चंद्रयान-3 चांद की कक्षा में प्रवेश कर लेगा। इसरो ने बताया कि चंद्रयान-3 को उस समय चांद की कक्षा में प्रवेश कराया जाएगा, जब उसकी अभीष्ट कक्षा चांद से सबसे नजदीकी बिंदु पर होगी।

शुभांक -2-4-3

## » न्यूज गैलरी

### ई-के वाय सी कराने में फोकस करें : निगमायुक्त

**जबलपुर, यशभारत।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने ई-केवायसी कार्यो की समीक्षा की, जिसमें पाया गया कि 6 संभागों के द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण लक्ष्य की प्राप्ति में देरी हो रही है। निगमायुक्त वानखेड़े ने उन सभी अधिकारियों को ई-केवायसी के कार्यो में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिये हैं। निगमायुक्त वानखड़े ने बताया कि पेंशनर्स को नियमित रूप से पेंशन की राशि प्राप्त हो इसके लिए शासन के निर्देशानुसार समग्र आधार ई-केवायसी कराने सभी संभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संभाग क्रमांक 3, 6, 8, 11, 14 एवं 16, अपने लक्ष्य सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का ई-केवायसी कराने में पीछे हैं। उन्होंने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का ई-केवायसी कराएँ जिससे उन्हें लाभ पहुँचाया जा सके। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि संभागीय अधिकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें, जिससे नगर निगम की रैंकिंग में सुधार आ सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम सीमान्तर्गत निवासरत समस्त पेंशनर्स अपने नजदीकी के संभागीय कार्यालय में जाकर अपना समग्र आधार ई-केवायसी कराएँ।

### खाने में मिर्ची ज्यादा होने पर पत्नी से मारपीट

**जबलपुर, यशभारत।** बेलबाग थाना अंतर्गत बाई का बगीचा गली नंबर 4 घमापुर निवासी 37 वर्षीय अश्विनी सिंह चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह चंद्रमा निवास यशवंत नगर परमणी महाराष्ट्र की रहने वाली है। उनका विवाह बीते 11 जून को हेमंत कुमार सिंह से हुआ था। इसी बीच वे अपना सामान लेने के लिए दिल्ली गई थीं और वहाँ से वापस ससुराल आने पर 2 अगस्त की रात उनके पति ने सब्जी में मिर्ची अधिक होने की बात कहकर मारपीट कर सिर, पीठ एवं कमर में चोटें पहुँचा दीं। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है।

### शहर के खिलाड़ियों ने उदयपुर में जीते 3 स्वर्ण, 4 रजत और एक कांस्य पदक

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक ,1 कांस्य पदक हासिल करके शहर सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश स्ट्रैंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की महासचिव सावित्री यादव ने बताया की जबलपुर के खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उदयपुर में आयोजित 33 वी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता प्रदान की। डिसएबल विनय डेरिया स्वर्ण पदक सब जूनियर वर्ग में हर्ष सिंह , स्वर्ण पदक जूनियर वर्ग में स्वयं जैन ,रजत पदक मास्टर वर्ग में धनराज रैकवार स्वर्ण पदक ,श्याम सिंह स्वर्ण पदक राहुल होलानी, रजत पदक आशीष कुरील, खूबचंद मंगलानी कांस्य पदक महिला वर्ग मंजू इंगले रजत पदक हासिल हुआ है। इस सफलता पर मध्यप्रदेश स्ट्रैंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की महासचिव सावित्री यादव ,टीम कोच गुरु चरण श्रीवास्तव ,जिला सचिव हर्ष गोस्वामी ,अध्यक्ष सर्वम सिंह राठौर मोहम्मद नईम एवं मध्य प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के संस्थापक सतीश यादव ने बधाईयां प्रेषित कीं है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में शुरु नहीं हुआ काम**

# जबलपुर में अगले माह से लगेंगे स्मार्ट मीटर

अनुराग तिवारी

**जबलपुर, यशभारत।** बिजली कंपनी जल्द ही जबलपुर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाएगी। जिसके चलते दिल्ली की मोंटी कार्लो कंपनी को ठेका दिया गया है। प्रथम चरण की कार्ययोजना में कंपनी अगले महिने से घरों में स्मार्ट मीटर लगाऐगी। जिससे बिजली चोरी तो रुकेगी ही साथ ही उपभोक्ताओं को भी अनेक सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य शुरु नहीं हो सका है।

स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं की रीडिंग ऑटोमेटिक ही कंपनी के सर्वर में पहुंच जाती है। इसके लिए उपभोक्ता के परिसर तक जाना नहीं पड़ता है। जबकि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता को भी मोबाइल पर हर पल खपत और लोड की जानकारी मिलती रहेगी। इसके लिए एप बनाया जाना है

कैसा होगा एप - प्रमुख रुप से इसमें डेटा की सुविधा प्रदान की जाएगी। जिसमें उपभोक्ता पहुंचकर घर में लगे मीटर में रीडिंग, वर्तमान लोड जैसी जरूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं। उपभोक्ता को भी इसकी जानकारी के लिए मीटर तक पहुंचने की जरूरत नहीं होगी।



**स्मार्ट मीटर से ये बदलाव**

स्मार्ट मीटर का पूरा कंट्रोल सेंट्रलाइज्ड होगा। कंपनी के अफसर दफ्तर में बैठे-बैठे हर समय उपभोक्ता के घर के मीटर का डाटा पढ़ पाएंगे। कितनी खपत हो रही है लोड क्या चल रहा है। कितने वक्त बिजली की खपत कम हुई। किस वक्त कितने लोड पर मीटर दौड़ रहा है। ये सारा डाटा आनलाइन दिखाई देगा। उपभोक्ता के बिल नहीं जमा करने पर घर जाकर लाइन काटना नहीं पड़ेगा। दफ्तर से ही जब चाहे अफसर बिजली बंद और चालू कर पाएंगे।

मीटर का पूरा हिसाब किताब कम्प्यूटर पर आनलाइन दिखाई देखा। प्री-पेड भुगतान का फार्मूला भी स्मार्ट मीटर में होगा। यानि मोबाइल रिचार्ज की तरह ही उपभोक्ता एडवांस राशि देकर बिजली का उपयोग कर पाएंगे। जितनी राशि से मीटर रिचार्ज होने के बाद खुद ही सप्लाई बंद हो जाएगी।

एमडीएम में होगा सारा डेटा- बिजली उपभोक्ताओं का डेटा तैयार करने का जिम्मा विद्युत वितरण कंपनी के पास है। जो उपभोक्ताओं का डेटा तैयार करेंगी। मीटर डेटा मैनेजमेंट (एमडीएम) इसमें उपभोक्ता के घर लगे मीटर से जुड़ी सारी जानकारी कंपनी जुटाएगी। जिसके हिसाब से ही बिजली सप्लाई का संचालन किया जाएगा

**ये मिलेंगे फायदे**

साल 2027 तक हर उपभोक्ता के घर स्मार्ट मीटर कंपनी लगाने की तैयारी में है।
लाखों मीटर पूर्व क्षेत्र कंपनी में लगने हैं।
15-15 मिनट की अवधि में स्मार्ट मीटर लोड, बिजली खपत और अन्य जानकारी कंपनी के पास भेजेगा।
रिचार्ज खत्म होने के 48-24 घंटे पहले मैसेज के जरिए जानकारी दी जाएगी।

**फैक्ट फाइल**

शहरी क्षेत्रों में करीब 2 लाख 80 लाख स्मार्ट मीटर शुरुआती तौर पर लगाए जाएंगे।
ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम चरण में करीब 50 हजार मीटर लगाए जाएंगे।
बिजली चोरी रुकने से बेहतर होगी विद्युत सप्लाई की

**रुकेगी चोरी**

कार्यपालन अभियंता सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली चोरी पर पूरी तरह से अंकुश लग जाएगा। जिससे विद्युत सप्लाई की स्थिति और बेहतर होगी। साथ ही उपभोक्ताओं को पल पल की अपडेट भी मिलती रहेगी। इसके साथ ही उपभोक्ता अपना डेटा भी निकाल सकेंगे।

# तेज बारिश के दौरान स्कूलों के बढ़ाए जाएं अवकाश

### बाल कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप की मांग



**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर बाल कांग्रेस पदाधिकारियों ने लगातार हो रही बारिश को देखते हुए कक्षा पहली से 12वीं तक के अवकाश को आगे बढ़ाने की मांग कलेक्टर के नाम तहसीलदार नीलम राजेंद्र बाग को ज्ञापन सौंपकर की है। बाल कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शिशांत सिंह ठाकुर ने बताया की जबलपुर कलेक्टर ने 3 अगस्त को आदेश जारी कर कक्षा 1से लेकर 12वी तक समस्त विद्यालयों में अवकाश घोषित किया था लेकिन प्लेग्रुप नर्सरी जूनियर के जी एवं केजी की कक्षाओं का उल्लेख न करने के कारण स्कूल और अभिभावकों में संचय की स्थिति बनी हुई थी, इसका परिणाम स्वरूप शहर में संचालित कुछ विद्यालय द्वारा प्ले कक्षाएं संचालित होती रही। तथा भरी बारिश के कारण शहर भर में जलप्लावन की स्थिति को देखते हुए विद्यालयों में 3 दिन का अवकाश घोषित किया जाए। ज्ञापन के दौरान रघु तिवारी , रॉबिन तिवारी , कान्हा मिश्रा, अभिनव मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चार्टर्ड एकाउंटेंट्स करेंगे आज आयकर ऑडिट की बारीकियों का अध्ययन

**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आई सी ए आई) की जबलपुर शाखा के द्वारा के अंतर्गत एक दिवसीय आयकर अध्ययन कार्यशाला का आयोजन डॉ.बराट रोड स्थित समदड़िया होटल मे किया गया है।

कार्यशाला में वर्तमान समय में आयकर अधिनियम में हुए परिवर्तन हुए कर प्रावधानों और विविध औपचारिकताओ के तहत ऑडिट कैसे किया जाए ,इस विषय पर देश के के नामी टैक्स विशेषज्ञ अपने अनुभव को नगर और आस पास के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के साथ साझा करेंगे। साथ ही शहर के अनुभवी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स अलग -अलग सेशन की अध्यक्षता करेगे । जबलपुर सीए ब्रांच के अध्यक्ष सीए कमल वलेचा ने आयोजन के बारे में बताया कि इस तरह के आयोजन अपने अध्ययन को गति प्रदान करने का अवसर प्रदान करते हैं। । वहीं कार्यक्रम के संयोजक सीए सौरभ जैन ने शहर के सभी चार्टर्ड एकाउंटेंट्स से समय पर आने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**जयपुर, इंदौर से आए सीए देंगे अहम जानकारी**

कार्यक्रम में जयपुर से आए सी ए रघुबीर सिंह पूनिया जी , चैरिटेबल संस्थाओं के अकाउंट के ऑडिट के दौरान किन नियमो का पालन सुनिश्चित करना चाहिए इस सम्बन्ध में जानकारी देंगे। वहीं टैक्स एडवोकेट हेमंत मोड़ इनकम टेक्स रिटर्न के दो फॉर्मेट आई टी आर 6 कंपनी के लिए और आई टी आर 7 धर्मार्थ और सामाजिक संस्थाओं के लिए छूट की विशिष्टताओ के सम्बन्ध में जानकारी देंगे । इसके साथ ही इंदौर से जबलपुर पहुंचे सीए पंकज शाह आयकर अधिनियम की धारा 44 एबी के अंतर्गत किये जाने वाले टैक्स ऑडिट के दौरान ध्यान में रखे जाने वाले प्रावधानो के सम्बन्ध में जानकारी देंगे ।

# नफरत हारी मोहब्बत जीती के नारों के साथ युवक कांग्रेस ने बांटी मिठाईयां

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जाहिर की खुशी



**जबलपुर,यशभारत।** माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मोदी सरनेम मामले में गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द करते हुए सजा में राहत देते हुए रोक लगाने की खुशी में कांग्रेसियों में उत्साह की लहर है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष जगत बहादुरसिंह अन्नू , युवक कांग्रेस के रघु तिवारी, रॉबिन तिवारी के नेतृत्व में मालवीय चौक पर आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने नफरत हारी मोहब्बत जीती के नारे लगाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस के सिद्धांत जैन ,अंकित पटेल, शिव अग्रवाल, अमरचंद बावरिया, रिज़वान अली कोटी, अनुभआ शर्मा, लखन ठाकुर, प्रिंस सलूजा, मुकेश राठौर, आशुतोष ठाकुर, राहुल बघेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# युवा मतदाताओं को दिलाई गई मतदान की शपथ




**जबलपुर,यशभारत।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सिविल लाइन स्थित शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल ने कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए.सी. तिवारी द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, वोटर आईडी कार्ड बनवाने एवं नाम में संशोधन के लिए प्रयोग किये जाने वाले फार्मो के बारे में विस्तार से जानकारी दी । डॉ. अजय गुप्ता ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की तथा परिवार के सभी सदस्यों एवं परिचितों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने का आग्रह किया । जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। महाविद्यालय की मतदाता साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी डॉ आभा रंजन ने क्लब की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

# ध्यान क्रिया नहीं बल्कि परिणाम है

**जबलपुर, यशभारत।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के तत्वावधान में आर्ट ऑफ लिविंग जबलपुर चेप्टर द्वारा शक्तिभवन के केन्द्रीय ग्रंथालय में मेडिटेशन एन्ड मेंटल हेल्थ पर एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संयुक्त सचिव अमन लुम्बा ने कहा कि ध्यान क्रिया नहीं बल्कि परिणाम है। ध्यान को लाया नहीं जा सकता है, यह सहज भाव से आता है। उन्होंने ध्यान की तुलना नींद से करते हुए कहा कि सोने से पूर्व सभी लोग तैयारी कर के सोने जाते हैं और नींद स्वयं से आ जाती है। वैसे ही पूर्व तैयारी कर के ध्यान हमारे मन व शरीर में आता है। आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजन की श्रृंखला में केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय और आर्ट ऑफ लिविंग के संयुक्त तत्वावधान में हर घर ध्यान के परिप्रेक्ष्य में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी विद्युत कंपनियों के कार्मिकों ने प्रतिभागी बन कर मानसिक स्वास्थ्य, इसकी समस्या व निदान की जानकारी प्राप्त की। निर्देश ध्यान एक आदर्श द्वार-अमन लुम्बा ने 'निर्देश ध्यान' के संबंध में कहा कि ध्यान का अर्थ एकाग्रता नहीं अपितु विश्राम करना है। इसके निरंतर अभ्यास से समाधि या श्रेष्ठता की परम अवस्था प्राप्त होती है। बहुत से लोग ध्यान करने की प्रक्रिया सीखना चाहते हैं, वह कुछ ऐसा चाहते हैं जो सहज भी हो और सुखद भी। निर्देशित ध्यान एक आदर्श द्वार है। वास्तव में, जब ध्यान गुरु के दिशा निर्देश पर किया जाता है, तब वह पूर्णरूप से सहज हो जाता है। दैनिक जीवन में हम अक्सर खुद को अपने शरीर और भौतिक दुनिया से पहचानते हैं। निदेज़्शित ध्यान हमें भौतिक स्तर से परे आत्मा के स्तर पर ले जाता है। ध्यान के नियमित अभ्यास से न केवल ध्यान करने वाले का जीवन परिवर्तित होता है, परन्तु उसके आसपास के वातावरण में भी परिवतज़्न हो जाता है। कार्यशाला के समापन के पूर्व अमन लुम्बा के निर्देशन में प्रतिभागियों ने ध्यान किया।



# सिर्फ कमर्शियल लीज रेंट पर नगर निगम को देना होगा सर्विस टैक्स

### कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइज नई दिल्ली कोर्ट से आया फैसला



**जबलपुर, यश भारत।** कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइज कोर्ट नई दिल्ली ने फैसला लेते हुए आदेश जारी किया है कि नगर निगम जबलपुर को सिर्फ कमर्शियल लीज रेंट पर सर्विस टैक्स देना होगा। नए आदेश के अनुसार अब रेसिडेंशियल लीज रेंट पर नगर निगम को सर्विस टैक्स नहीं देने होंगे। इस संबंध में टैक्स अधिवक्ता मनीष मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2008 से 2013.14 तक रेसिडेंशियल और कमर्शियल लीज रेंट पर सर्विस टैक्स देने के लिए जबलपुर नगर निगम द्वारा कस्टम एंड सेंट्रल एक्साइज कोर्ट नई दिल्ली में एक पिटीशन मई 2017 में दायर की गई थी जिसको लेकर आज फैसला सामने आया है। इस फैसले से नगर निगम को। करीब तीन करोड़ रुपए ने टैक्स देने से मुक्ति मिली है।।जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में सेंट्रल एक्साइज के कमिश्नर ने नगर निगम को नोटिस देकर कहा था के रेसिडेंशियल और कमर्शियल दोनो पर टैक्स देना होगा, जिसके बाद जबलपुर नगर निगम ने नई दिल्ली में अपील कोर्ट में दायर की थी।

# कमिश्नर ने विद्यार्थियों को बताई संविधान संशोधन की प्रक्रिया

जबलपुर, यशभारत। कमिश्नर अभय वर्मा ने मॉडल स्कूल में संचालित ज्ञानाश्रय निशुल्क कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन किया ।इस दौरान उन्होंने संवैधानिक व्यस्थाओं की जानकारी दी । कमिश्नर वर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान में संशोधन बहुमत द्वारा होता है। इसमें भी बहुमत के कई प्रकार होते हैं। जैसे कि- साधारण बहुमत, प्रभावी बहुमत एवं विशेष बहुमत। उन्होंने भारतीय संविधान संविधान का बुनियादी ढांचा और उसके विकास से संबंधित प्रमुख वाद को विस्तार पूर्वक समझाया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य के संबंधों पर विस्तृत लेक्चर दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से भारतीय संघवाद पूर्ण संघवाद ना होकर के अर्ध संघीय विशेषताओं को धारण करता है। केंद्र एवं राज्य के प्रशासनिक संबंध, वित्तीय संबंध आदि के द्वारा स्पष्ट होता है कि किस प्रकार से यह कुछ मामलों में संघीय विशेषताओं को धारण करता है, तो कुछ मामलों में एकल शासन व्यवस्था को धारण करता है। संभागायुक्त वर्मा ने बताया कि भारतीय संविधान में केंद्र शासित क्षेत्रों पर केंद्र सरकार का प्रत्यक्ष नियंत्रण होता है। केंद्र शासित प्रदेशों को राज्यों से कम स्वायत्तता प्राप्त होती है और संसद जब चाहे किसी भी क्षेत्र को केंद्रशासित प्रदेश बना सकती है और किसी भी राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है।इसी के साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमुख क्षेत्रीय परिषद, राज्यों का पुनर्गठन आदि पर भी विस्तृत जानकारी दी तथा उनके प्रश्नो के जवाब भी विस्तार से दिए।













**राहत** | **नेत्रहीन बच्चियों को नए भवन में किया गया शिफ्ट**

# दो रात जागीं नेत्रहीन बच्चियों को राहत देने पहुंचे महापौर



**जबलपुर,यशभारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के प्रयासों ने अब नेत्रहीन कन्या शाला स्कूल भंवरताल की बच्चियां नारकीय जीवन जीने मजबूर नहीं होंगीं। बीते तीन दिनों से लगातार गिर रहे पानी से भंवरताल स्थित नेत्रहीन कन्या शाला स्कूल के हालात दयनीय हो गए थे और यहां मौजूद करीब 31 बच्चियों ने दो रात दहशत के बीच जागकर गुजारीं। क्योंकि न तो यहां लाइट थी और न ही सुरक्षा की व्यवस्था। उपर से स्कूल के अंदर चारों तरफ पानी ही पानी भरा पड़ा रहा। इसकी सूचना जैसे ही महापौर को हुई वे तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्कूल में मौजूद 31 बच्चियों को रानीताल स्थित एमएच अस्पताल के बाजू में स्थित नए भवन में शिफ्ट किया जिसके बाद सभी बच्चियों के चेहरे में खुशी की लहर झूम उठी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि अभी तक पानी में स्कूल की बच्चियां नारकीय जीवन जी रहीं थी जिन्हें अब नए भवन में शिफ्ट किया गया है। फिलहाल अस्थाई रूप से रानीताल स्थित नए भवन में नेत्रहीन बच्चियों को शिफ्ट कराया गया है, बिजली, नल का कनेक्षन कर दिया गया है। इसके साथ ही बस की व्यवस्था की गई है।

स्कूल के प्राचार्य पूनमचंद्र मिश्रा ने बताया कि मीडिया और महापौर के सहयोग से नेत्रहीन बच्चियों को राहत मिली है। उन्होंने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश के अलग अलग जिलों की करीब 86 बच्चियां नेत्रहीन स्कूल में अध्ययनरत हैं। इनमें से कुछ बच्चियों को घर भेज दिया गया है जबकि अभी 31 बच्चियां स्कूल में हैं। नए भवन में एक पानी का पाइप टूटा था जिसे भी बदलवा दिया गया है। प्राचार्य ने महापौर और मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया है।

» न्यूज गैलरी

## गढा के देवी नगर में 24 घंटे से बंद पड़ी 5 घरों की लाइट



**जबलपुर यश भारत।** गढ़ा क्षेत्र के देवी नगर पचमढ़ा मंदिर के पास पांच परिवारों की लाइट 24 घंटे से बंद होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में देवी नगर निवासी सुशील शुक्ला ने बताया कि कल से जमुना दुबे रानू दुबे प्रिया गुप्ता सरोज ठाकुर के मकान की लाइट बंद होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि इस संबंध में विद्युत कर्मचारियों से भी शिकायत की गई इसके बाद भी उनके द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं किया गया लाइट बंद होने के कारण रात में मच्छरों से काफी परेशान रहे/

**शिकायत के बाद भी विद्युत कर्मियों द्वारा नहीं किया जा रहा सुधार**

## दयोदय एक्सप्रेस का अटरू स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव



**जबलपुर यशभारत।** रेल मंत्रालय द्वारा गाड़ी संख्या 12181/12182 जबलपुर-अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस का अटरू रेलवे स्टेशन पर और गाड़ी संख्या 06616/06615 कोटा-नागदा-कोटा मेमू स्पेशल ट्रेन का तलावली रेलवे स्टेशन पर आगामी 6 अगस्त 2023 से प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में अगले छः माह के लिए ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 6 अगस्त 2023 से 2 फरवरी 2024 तक अटरू रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 05ः32/05ः33 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 6 अगस्त 2023 से 2 अगस्त 2024 तक अटरू रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 23ः02/23ः03 बजे रहेगा।

गाड़ी संख्या 06616 कोटा-नागदा मेमू स्पेशल ट्रेन 6 अगस्त 2023 से 2 फरवरी 2024 तक तलावली रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 10ः01/10ः02 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06615 नागदा-कोटा मेमू स्पेशल ट्रेन 6 अगस्त 2023 से 2 फरवरी 2024 तक तलावली रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 15ः18/15ः19 बजे रहेगा।

यात्री रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से भी गाड़ी के आगमन/प्रस्थान की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**वेटरनरी की सफलता**

# 2 साल में 15 सरोगेट गायों से साहिवाल की नई नस्ल तैयार वजन 200 किलो

**जबलपुर यशभारत।** सरोगेसी तकनीक के माध्यम से अब सेरोगेट काउ भी जन्म लेने लगी हैं। वेटरनरी के वैज्ञानिकों ने इस तकनीक में महारत हासिल करते हुए 15 सेरोगेट गायों की बेहतरीन नस्ल तैयार की है। जिनका वजन डेढ़ साल में 200 किलो के पार हो गया है। आने वाले समय में इनके माध्यम से नस्ल सुधारने के साथ ही गोवंश वृद्धि और दूध उत्पादन क्षेत्र में बढ़ोत्तरी पर काम शुरू किया जाएगा। एंब्रियो ट्रांसफर के माध्यम से हर बार फीमेल गोवंश को पैदा किया जा रहा है। तैयार किए गए 15 सेरोगेट काउ के बेड़े में 11 गाय हैं तो वहीं 4 नर गोवंश हैं। वर्ष 2021 में इस प्रोजेक्ट को शुरू किया गया। ट्रायल रूप में दो देशी गायों में साहिवाल नस्ल के भ्रूण ट्रांसफर्र किए गए थे।

### इस तरह किया प्रयोग

एंब्रियो ट्रांसफर टैक्निक में वीयू के बायोटैक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने साहिवाल और देशी गायों में इस तकनीक का उपयोग किया। इसमें एक डोनर मदर चुना गया। इस डोनर मदर से एक बार में 4 से 10 एंब्रियो तैयार होते हैं। एंब्रियो की संख्या के आधार



पर इन्हें सेरोगेट मदर में ट्रांसफर किया गया। डोनर गाय में सीमन इंजेक्ट किया जाता है। सुपर ओवेल्यूशन, आर्टिफिशियल इंसेमिनेशन जैसी प्रक्रियाओं के बाद गाय स्वस्थ्य बछड़ा या बछिया को जन्म देती हैं।

> **"एंब्रियों तकनीक में हम अब पूरी तरह से पारंगत हो चुके हैं। अब केवल मेल-फीमेल को पैदा किया जा सकता है। हमने 15 सेरोगेट गायों को तैयार किया है। हर गाय का वजन डेढ़ साल में 200 किलो के पार हो गया है।**
> **डॉ. एपी सिंह, वैज्ञानिक एवं हेड बायोटैक्नोलॉजी विभाग**

## बारिश का दौर थमा, साफ हो रहा मौसम, धूप निकलने पर सीलन भरे मकानों की शामत

**जबलपुर, यशभारत।** पिछले करीब चार दिनों से लगातार जारी वर्षा का दौर थम गया है। अब धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। हालांकि हल्के बादलों की आवाजाही के बीच कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती है। रिमझिम वर्षा भी संभावित है। इसी के साथ अब धूप भी निकलेगी जो वर्षा से तरबतर हो चुके सीलन भरे मकानों के लिए घातक साबित होगी। लगातार वर्षा से गीले मकानों की सीलन भरी दीवारों के टूटने का खतरा भी बढ़ गया है। यदि दो-तीन बाद मौसम पूरी तरह से साफ हुआ और तेज धूप निकली तो कच्चे मकानों को टूट कर गिरना भी तय है। विदित हो कि बीते चार दिनों से जारी रही वर्षा के कारण अधिकांश कच्चे मकान जहां क्षतिग्रस्त हो चुके हैं वहीं लगातार पानी के संपर्क में आने से सीलन बढ़ गई है। जिससे वे कमजोर हो चुके हैं। सीलन भरे मकान धूप के संपर्क में के बाद भरभरा कर गिर सकते हैं। हालांकि नगर निगम की टीमें रेस्क्यु कार्य के लिए भी तैनात है।

**35 इंच हो चुकी वर्षा**–विदित हो कि मानसून सीजन में कुल वर्षा का आंकड़ा चार दिन पूर्व करीब 22 इंच के



आस-पास था। लेकिन चार दिनों में जिस तरह से वर्षा हुई उससे महज चार दिनों में ही 13 इंच वर्षा दर्ज की गई। मानसून सीजन में कुल वर्षा का आंकड़ा 35 इंच पर पहुंच गया है। शहर में हर साल मानसून सीजन में औसतन 52 इंच वर्षा दर्ज की जाती है। इस हिसाब से औसत वर्षा के लिए अब लगभग 15 इंच वर्षा ही शेष है। अभी अगस्त का पूरा महीना बाकी है वहीं सितंबर माह में भी अच्छी वर्षा होती है। लिहाजा ये माना जा रहा है कि सितंबर माह तक वर्षा अपना कोटा पूरा कर सकती है।

## कृषि विश्वविद्यालय परिसर में धारा 144 लागू

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कर्मचारी संघ द्वारा विगत एक सप्ताह से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किये जा रहे धरना प्रदर्शन को देखते हुये एसडीएम अधारताल अनुराग सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। एसडीएम अधारताल द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में विश्विवद्यालय परिसर में एक साथ सामूहिक रूप से पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों को एकत्रित होने, जुलूस निकालने और धरना प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाले फोटो एवं चित्र लगाने तथा व्हाट्सअप एवं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन्हें प्रसारित करने को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। एसडीएम अधारताल ने आदेश के उल्लंघन की स्थिति में दोषी व्यक्तियों के प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है तथा आगामी आदेश तक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर में प्रवृत्त रहेगा।

कुल सचिव ने एसडीएम अधारताल को पत्र भेजकर कर्मचारी संघ द्वारा हड़ताल को उग्र रूप देकर विश्विवद्यालय की महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों अनुसंधान केन्द्रों एवं बीज उत्पादन केन्द्र जैसी सभी इकाईयों की तालाबंदी कर शासकीय कार्य को पूर्णतः पेरालाइज्ड किये जाने की सूचना दी थी। कृषि विश्वविद्यालय के कुल सचिव ने इस पत्र में केन्द्रीय कर्मचारी संघ की हड़ताल, धरना-प्रदर्शन एवं विभिन्न इकाईयों की तालाबंदी से शैक्षणिक गतिविधियां, अनुसंधान कार्य, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य, मिडटर्न परीक्षायें, फसल की बुआई एवं बीज उत्पादन संबंधित कार्य प्रभावित होने की जानकारी भी दी थी तथा इन परिस्थितियों को देखते हुये विश्वविद्यालय परिसर में धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू करने का आग्रह एसडीएम अधारताल ने किया था।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में लड्डू गोपाल का किया गया जलविहार



**जबलपुर,यशभारत।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में लड्डू गोपाल को जलविहार कराया गया। इस दौरान भगवान कृष्ण से प्रार्थना की गई कि भेड़ाघाट में कोई जनहानि न हो। इस मौके पर मां नर्मदा को चुनरी अर्पण कर दुग्धाभिषेक किया गया। जानकारी के अनुसार स्वामी रामचंद्र महाराज के सानिध्य मे मां नर्मदा का पूजन किया गया। अभी तक की जो मान्यता है लड्डू गोपाल के जलविहार कराने के पश्चात नर्मदा का जलस्तर धीरे-धीरे जल उतरने लगता है इसी उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शरद अग्रवाल ,नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ,सचिन अग्रवाल एडवोकेट मंदिर के सदस्य उपस्थित रहे।

## गंदगी के बीच प्रशिक्षण लेने मजबूर हुईं स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारी

**घंटों इंतजार के बाद खोला गया विक्टोरिया का हॉल, अधिकारी रहे नदारद**

**जबलपुर,यशभारत।** यूविन पोर्टल प्रशिक्षण के दौरान जिला अस्पताल विक्टोरिया के मीटिंग हॉल के बाहर प्रशिक्षणार्थियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान अधिकारी भी नदारत रहे। जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र के सभी एएनएम आरसीएच हॉल विक्टोरिया कार्यालय जिला अस्पताल प्रशिक्षण देने बुलाया गया था जिसमें सभी एएनएम सुबह दस्तक प्रोग्राम संचालित करने के बाद वे सभी जब
आरसीएच मिटिंग हाल विक्टोरिया पहुंचे तो हॉल बंद पड़ा मिला। भारी बारिश के दौरान पूरी एएनएम को बाहर खड़ा रहना पड़ा। एएनएम द्वारा संबंधित अधिकारी को कॉल कर





सूचना दी गई तब कहीं जाकर हॉल खुला। हॉल खुला तो उसके अंदर चारों तरफ गंदगी पसरी हुई थी। गंदगी के बीच प्रशिक्षण लेने आई एएनएम महिलाएं मजबूर रहीं।

**चाय-नाश्ता तक नहीं कराया मुहैया**

एएनएम बहने जो सुबह 9 बजे घर से दस्तक अभियान में घर घर जाकर 01 से 5साल के बच्चों वजन लेना ,एचबी टेस्ट करना ,कुपोषित बच्चों की जानकारी लेने आदि कार्य करना साथ ही आयुष्मान कार्ड का काम करतीं हैं। प्रशिक्षण के दौरान इन्हें चाय नाश्ता तक मुहैया नहीं कराया गया। जबकि हर प्रशिक्षण का बजट रहता है ।प्रशिक्षण लेने आई महिलाओं ने कहा कि शहरी और ग्रामीण में भी प्रशासन के द्वारा मतभेद किया जा रहा है।

## 24 घंटे के बाद भी नहीं लगा ट्रक चालक का सुराग

### मझगवां के सूखा नाला की घटना



**जबलपुर यश भारत।** विगत दिनों से हो रही लगातार झमाझम बारिश के कारण नदी नाले उफान पर चल रहे हैं बारिश के कारण जहां जिले से अनेक शहरों का संपर्क टूट गया है वहीं दूसरी ओर उफान भरे नालों पर घटनाएं भी सामने आने लगी है बीती रात मझगवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सूखा नाला में तेज बहाव होने के कारण एक ट्रक चालक बह गया जिसकी तलाश जारी है/

देर रात हुई इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि मझगवा से 5 किलोमीटर दूर सूखा नाला पड़ता है जहां पर एक ट्रक अगरिया से आयरन लोड करने के बाद प्रतापपुर की ओर जा रहा था रात 1ः00 बजे के लगभग वह सूखा नाला पुल के ऊपर पानी होने के कारण ट्रक निकल रहा था ट्रक पुल के ऊपर कुछ दूर चला ही था कि तेज बहाव होने के कारण पलट गया इस घटना में ट्रक का कंडक्टर खिड़की से निकलकर बाहर आ गया वही ट्रक चालक मंडल निवासी 23 वर्षीय दीपक सिंगरौर नाला के तेज बहाव में बह गया जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है समाचार लेकर जाने तक रेस्क्यू जारी है।

**ट्रक को निकाला गया बाहर**– सूखा नाला में हुई इस घटना के बाद ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जमा हो गई नाला में पलटे ट्रक को जेसीबी मशीन के माध्यम से बाहर निकल गया इसके बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हुआ पुलिस के अनुसार घटना के बाद से रेस्क्यू टीम द्वारा 3 किलोमीटर तक ट्रक चालक की तलाश की गई किंतु अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है पुलिस द्वारा सूखा नाला में बंधे डेमो को भी चेक किया गया है।

## सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में रेलवे मजदूर संघ का लहराया परचम



**जबलपुर, यशभारत।** सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट के हुए चुनाव में रेल मजदूर संघ का पूरा पैनल भारी बहुमत से विजयी रहा जिसमें डीपी अग्रवाल सचिव, संदीप श्रोती कोषाध्यक्ष, निर्वाचित होने के साथ सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट जबलपुर चुनाव में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का वर्चस्व कायम रहा। मतदान में संघ के गाय चुनाव चिन्ह का पूरा पैनल सचिव, कोषाध्यक्ष, व सभी 7 सदस्य दो तिहाई बहुमत से निर्वाचित हुये । संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि 512 सदस्यों में से 442 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिये जिसमें संघ को रिकार्ड 261 पैनल वोट मिले, वही अन्य दलो के प्रत्याशियों को भारी अंतर से हार का सामना करना पड़ा। मुख्यालय के संजय कुमार चौधरी को सर्वाधित रिकार्ड 358 मत प्राप्त हुये । गौरतलब है कि उक्त चुनाव में केवल मजदूर संघ का ही पूरा पैनल मैदान में था वहीं अन्य संगठनो का एक, दो या अधूरा पैनल ही मैदान में था। मतदाताओं ने इंस्टीट्यूट में संघ द्वारा विगत वर्षो व कोविड के दौरान किये गये सामाजिक जनसेवा व विकास कार्यों से प्रभावित होकर पुनः मजदूर संघ पर एक तरफा विश्वास जताया।

**किसको कितने मत मिले**– विजयी प्रत्याशियों में डीपी अग्रवाल को सचिव पद पर 296, संदीप श्रोती को कोषाध्यक्ष पद पर 324, 07 सदस्य पदो पर हर्ष वर्मा को 345, एसके श्रीवास्तव को 332, संतोष कुमार को 333, मुकेश चंद को 324 महफूज अहमद को 328, संजय चौधरी को 358 व दीपक केसरी को 343 मत मिले।

**इन्होंने किया आभार व्यक्त**–संघ के अध्यक्ष सीएम उपाध्याय, महामंत्री अशोक शर्मा व कार्यकारी अध्यक्ष अनुज तिवारी, मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला, सयुक्त महामंत्री सतीश कुमार, सहायक महामंत्री अवधेश तिवारी, डीएन यादव, रोशन सिंह, एसआर बाउरी, एसके वर्मा, आरए सिंह, ओपी चौकसे, मंदीप सिंह, अनिल चौबे, आदि ने प्रचंड बहुमत से मिली जीत पर मतदाताओं को आभार व्यक्त करते हुये सीनियर रेलवे इंस्टीट्यूट में कर्मचारियों को और बेहतर सुविधाए दिलाने का संकल्प व्यक्त किया।

## 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा

**जबलपुर यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक ऐतिहासिक पहल के तहत कल 6 अगस्त को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के कोने-कोने में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखेंगे।प्रधानमंत्री अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते रहे हैं। रेलवे को देश भर में लोगों के परिवहन का पसंदीदा साधन बताते हुए उन्होंने रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के महत्व पर जोर दिया। इस विजन से प्रेरित, देश भर में 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई थी।इस योजना के हिस्से के रूप में, प्रधानमंत्री द्वारा 508 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए आधारशिला रखी जा रही है। इन स्टेशनों का पुनर्विकास 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया जाएगा। शहर के दोनों किनारों को समुचित रूप से जोड़ते हुए इन स्टेशनों को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहे हैं। यह एकीकृत दृष्टिकोण रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र पर केंद्रित शहर के समग्र शहरी विकास के विजन से प्रेरित है।

**कांफ्रेंस**

**कल प्रधानमंत्री द्वारा स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का होगा शिलान्यास**

# जबलपुर रेल मंडल अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय रेलवे की महत्वकांक्षी योजना अमृत भारत स्टेशन योजना में जबलपुर रेल मंडल के 6 श्रेणियों में विभाजित 111 स्टेशनों में से 11 स्टेशनों को इस योजना में शामिल किया गया है जिसमे सिहोरा,कटनी मुडवारा, कटनी जंक्शन, कटनी साऊथ,मैहर, रीवा, दमोह, सागर, श्रीधाम (गोटेगांव), करेली एवं गाडरवारा स्टेशन में इस योजना के अंतर्गत राशी लगभग 218 करोड़ रूपये से विकास के कार्य किये जायेगे.कल 6 अगस्त को इस योजना का शिलान्यास भव्य समारोह एक साथ उक्त सभी 11 स्टेशनों पर प्रधान मंत्री द्वारा वर्चुअल रूप से किया जायेगा इस अवसर पर क्षेत्र के दो केन्द्रीय मंत्री तथा सांसद एवं विधायक गण भी उपस्थित रहेगेमध्यप्रदेश में भी रेल इंफ्रास्ट्रक्चर का निरंतर विकास किया जा रहा है। मध्य प्रदेश को इस वर्ष के बजट में रिकॉर्ड 13607 करोड रुपए रेलवे प्रोजेक्ट्स के लिए दिए गए हैं। इसी कड़ी में सरकार द्वारा अमृत भारत स्टेशन की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत देशभर में 1300से अधिक स्टेशनों का कायाकल्प किया जाना है । मध्यप्रदेश में 80 से अधिक स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास किया जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत चयनित स्टेशनों में स्टेशन भवन का सुधार और स्थानीय कला तथा संस्कृति के तत्व का समावेश करते हुए सौंदर्यीकरण किया जाएगा साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया और आगमन/प्रस्थान बिल्डिंग का भी पुनर्विकास किया जाएगा। जिनमें स्टेशन पहुंच मार्ग के लिए नई सड़कें, पैदल पथ, पार्किंग तथा सुगम यातायात की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। 12 मीटर चौड़े फुटओवर ब्रिज के प्रावधान के साथ-साथ हाई लेवल प्लेटफॉर्म, बेहतर सतह, कवर शेड, प्रतीक्षालय, शौचालय इत्यादि का भी समुचित प्रावधान किया जाना है।

**यात्रियों के लिए रहेगी यह सुविधा**–यात्रियों की सुविधा हेतु पेयजल व्यवस्था, टिकटिंग व्यवस्था, फूड स्टॉल, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली, स्टैंडर्ड साइन बोर्ड, पर्यटक सुविधा काउंटर, चिकित्सकीय सुविधाएं, चार्जिंग प्वाइंट एवं सहायता बूथ की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। स्टेशनों को दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत हर स्टेशन पर दिव्यांग शौचालय एवं रैंप इत्यादि की सुविधा सुनिश्चित की जायेगी।



### स्टेशनों में व्यय होने वाली राशि

जबलपुर मंडल के चयनित 11 स्टेशनों पर व्यय होने वाली राशी 218 करोड़ रूपये का विवरण इस प्रकार है - कटनी जंक्शन (30करोड़), कटनी मुड़वारा (22 करोड़), कटनी साउथ (20.6 करोड़), दमोह (25 करोड़), गाडरवारा (23 करोड़),श्रीधाम (21.5 करोड़), मैहर (21.4 करोड़), करेली (20 करोड़), सिहोरा रोड (19 करोड़), रीवा (17.5 करोड़) और सागर (17.5 करोड़) । स्टेशनों के पुनर्विकास योजना से यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी और साथ ही क्षेत्र की आर्थिक तथा सामाजिक उन्नति भी होगी। रेलवे स्टेशन की उन्नति के साथ क्षेत्र में पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं पैदा होंगी और साथ ही रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा और व्यापार के क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध होंगे । इस अवसर पर एडीआरएम आनंद कुमार, सीनियर डीसीएम विश्व रंजन, डीसीएम नितेश कुमार सोने, भी उपस्थित थे।

## जल प्लावन की समस्या को निपटाने ही पहुंची थी पार्षद

**जबलपुर, यशभारत।** राजीव गांधी वार्ड स्थित गणपति बिहार की घटना को लेकर नया पक्ष सामने आया है जिसमें की पार्षद का कहना है कि गणपति विहार पहले अवैध कॉलोनी थी और उनके द्वारा कॉलोनी को वैध किया गया ।इसलिए वहां पर कई ऐसी नालियां हैं जो पहले से नहीं बनी थी। अब उनका कार्य जारी है परंतु कुछ लोगों ने कच्ची नालियां बना ली हैं जिसके कारण उसे पूरे क्षेत्र में जल प्लावन की समस्या बढ़ रही थी और इसी समस्या को लेकर कुछ स्थानीय नागरिक उनके पास पहुंचे थे और उस एक घर के चलते पूरे क्षेत्र में समस्या बढ़ रही थी इसी कारण निगम के पूरे दल के साथ उनके द्वारा यह कार्रवाई की गई है जिसमें कि किसी की व्यक्तिगत घर की हानि नहीं हुई जिसको लेकर कमिश्नर को भी इस मामले से अवगत करा दिया गया था।



**हमेशा जनता के साथ हूं खड़ी**– पार्षद मधुबाला राजपूत का कहना है कि वह पूर्ण रूप से दिन और रात में भी जनता के लिए हमेशा खड़ी रही हैं जल प्लावन की समस्या को लेकर जो बार-बार इस प्रकार की बातें फैलाई जा रही हैं वह निराधार है वह अभी भी पूर्ण रूप से क्षेत्र के हर एक घरों में जाकर नागरिकों से बात कर रही हैं और उनकी समस्या सुलझाने का प्रयास कर रही है।

### कार्यालय थाना प्रभारी थाना मदनमहल जिला जबलपुर



दिनांक 5.8.23 को एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीबन 40 वर्ष का गुलौआ फाटक के पास ट्रेन से टकराकर मौत हो गया है। जिसका हुलिया रंग गेहुआ कद 5 फीट 6 इंच दाड़ी बढ़ी हुई दाहिना हाथ कंधे से पूर्व से नहीं है। रिपार्ट पर थाना मदनमहल में मर्ग क्रमांक 19/23 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच में है। अज्ञात मृतक की शिनागदगी के काफी प्रयास किये गये जो नही हो पाई है। मृतक सफेद छींट वाली शर्ट एवं ब्लू चौकड़ी बीच में ऐ पट्टी वाला पंट पहना हुआ है।

**थाना मदन महल जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.) द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पत्रांक-कर्म./ भण्डार/2023/ 92/PRO/271 दिनांक 04.08.2023 | वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये किराये के वाहनों/मशीनों की आवश्यकतानुसार पूर्ति करना। | 1. कार्य की अवधि एक वर्ष एवं लागत 3,00,47,712/ | निविदा प्रपत्र का मूल्य 15000/-रूपये एवं EMD की राशि 1,50,500/- रू. | 21.08.2023 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री, कर्मशाला/भण्डार, नगर निगम जबलपुर

## संपादकीय

# जहरीले बोल पर लगाम जरूरी

लगातार बढ़ते जा रहे हेट स्पीच के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती बरती है. नफरती भाषणों के खिलाफ देश की सर्वोच्च अदालत ने कड़ा रुख अपनाने का निर्देश दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि ऐसे भाषण जो नफरत से भरे हों उन्हें गंभीर अपराधज करार दिया जाए. इसके साथ ही भाषण देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए. कोर्ट ने कहा कि देश के धर्मनिरपेक्ष ताने बाने को प्रभावित करने वाले इन भाषणों को च्गंभीर अपराधज्ज माना जाए. अगर किसी ने इनके खिलाफ शिकायत न भी की हो, तो भी मामला दर्ज कर लिया जाए। ये विचित्र बात है कि जिन विषम परिस्थितियों में सरकारों को जिम्मेदार व जवाबदेह भूमिका निभानी चाहिए, उसमें वे असहाय नजर आती हैं। हर बार इसके लिये देश की शीर्ष अदालत को निर्देश देने पड़ रहे हैं। राज्य व देश में स्थितियां शांतिपूर्ण रहें और सार्वजनिक जीवन उपद्रवमुक्त हो, यह सरकारों का पहला कर्तव्य होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका पर सवाल उठना लाजिमी है। हरियाणा के नूंह व अन्य स्थानों पर हुई हिंसा के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार समेत हरियाणा, उत्तर प्रदेश व दिल्ली की सरकारों को निर्देश दिये हैं कि घटनाओं के विरोध में होने वाले विरोध प्रदर्शन के दौरान सुनिश्चित किया जाये कि नफरत के भाषण न होने पाएं। कोर्ट का मानना है कि विरोध प्रदर्शन और अपनी बात कहना हर नागरिक का हक है, लेकिन सीमाओं का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को भी कहा। साथ ही प्रदर्शन के दौरान वीडियोग्राफी करने के भी निर्देश दिये हैं ताकि उपद्रव करने वालों की शिनाख्त की जा सके। निःसंदेह, दोषियों को सजा दिलाने के लिये तथ्यों का प्रमाणीकरण बेहद जरूरी है। बदलते वक्त के साथ तकनीक के इस्तेमाल से हम अपराधियों की शिनाख्त बेहतर ढंग से कर सकते हैं। इस बात का ध्यान तो खुद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को रखना ही चाहिए। इसके लिये हर बार कोर्ट की तरफ से निर्देश देने की जरूरत क्यों पड़ती है, यह तथ्य विचारणीय है। जाहिर है कानून व्यवस्था को बनाये रखना पुलिस व प्रशासन का विभागीय व नैतिक दायित्व भी है। एक तरह से जुलूस व प्रदर्शनों के जरिये आमतौर पर शक्ति प्रदर्शन ही किया जाता रहा है। लेकिन चिंता की बात यह है कि कालांतर में यह सब-कुछ अराजक तत्वों के हाथों में चला जाता है। फिर एक समय स्थिति इतनी विकट हो जाती है कि पुलिस-प्रशासन भी लाचार नजर आता है। जैसा कि नूंह में हुई हिंसा के बाद पुलिस अपना ही बचाव करती नजर आई। निश्चित रूप से किसी भी समाज में हिंसा किसी मकसद का विकल्प नहीं हो सकती। ऐसे मौकों पर जनप्रतिनिधियों की जो महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए, वो अक्सर नजर नहीं आती। पुलिस को पहले से ही ऐसे प्रदर्शनों पर कड़ी निगाह रखनी चाहिए, तकनीक के जरिये उपद्रवियों की पहचान सुनिश्चित करनी चाहिए। सुरक्षा बलों की संख्या उपस्थित भीड़ की स्थिति देखकर तय की जानी चाहिए। विश्वास किया जाना चाहिए कि सुप्रीमकोर्ट के निर्देश के बाद अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वाह करेंगे। वहीं दूसरी ओर यह सवाल भी उठता है कि आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बाद भी लोग इतने विवेकशील क्यों नहीं बन पाए हैं कि वे आसानी से नफरती बोलों के फेर में फंस जाते हैं? क्यों वे अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं करते हैं।

# ड्रग कनेक्शन भी है मणिपुर संकट का

जहां पंजाब में ड्रग की समस्या दो-तीन दशक पुरानी है, वहीं मणिपुर में इसका इतिहास बेहद पुराना है। तीन देशों चीन, बांग्लादेश और म्यांमार की सीमाएं इससे लगती हैं। इसमें म्यांमार ऐसा देश है जो अफीम की खेती और उसकी तस्करी के लिए बदनाम रहा है। यह उस कुख्यात ड्रग तस्करी क्षेत्र का हिस्सा है जिसे अंतर्राष्ट्रीय जगत में गोल्डन ट्रायंगल कहा जाता है। इसमें लाओस, थाईलैंड और म्यांमार तीन देश शामिल हैं। इसका इतिहास बहुत पुराना है। दो नदियों रूआक और मेकॉन्ग के संगम के बीच के दस लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ यह इलाका दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा अफीम उत्पादक क्षेत्र है। यहां से अफीम तस्करी के जरिये पहले चीन में भी पहुंचाई जाती थी लेकिन कम्युनिस्टों के सत्ता पर काबिज होने के बाद से उसकी तस्करी उस देश में कम हो गई। लेकिन भारत, बांग्लादेश और थाईलैंड में बाकायदा इसकी सप्लाई होती रही।

साठ के दशक में तो वियतनाम युद्ध के दौरान तस्करी से वहां पहुंचा हुआ अफीम अमेरिकी सैनिकों में बेहद पॉपुलर हो गया था। इतना ही नहीं, अफीम और हेरोइन भी वहां अमेरिकी युद्धक विमानों में, जो युद्ध का सामान ट्रांसपोर्ट करते थे, भरकर कैलिफोर्निया भेजा जाने लगा। इससे तस्करों के वारे-न्यारे हो गये। इस खेल में कई बड़े-बड़े गैंग सक्रिय हो गये और डॉलर बरसने लगे। लेकिन वियतनाम युद्ध खत्म होते ही यह धंधा चौपट हो गया।

कालांतर में तस्करों ने भारत की ओर ध्यान लगाया। बड़े पैमाने पर अफीम भारत आने लगी। यह इलाका बेहद दुर्गम है, इसके बावजूद तस्कर उधर से आसानी से आने लगे। लेकिन बाद में मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में अफीम की खेती होने लगी। दूर-दराज के इलाकों में अफीम के खेत लहलहाने लगे। पहले तो सरकारें देखकर इसे अनदेखा कर देती थीं लेकिन बीरेन सिंह की भाजपा सरकार ने इस पर निशाना साधा। उस समय यह पता चला कि कुल 15,400 एकड़ भूमि में अफीम की खेती होती है। यह अफीम हेरोइन बनाने के काम में आता है और वहां कुछ इलाकों में बनाया भी जाता है। इसके अलावा उपयुक्त ज़मीन के कारण मणिपुर में बढ़िया क्वालिटी का अफीम पैदा होता है। यहां अफीम की खेती अन्य अनाजों या सब्जियों की तुलना में आसानी से होती है और उससे भी बड़ी बात यह है कि इसकी फसल साल में दो बार होती है।

दरअसल, इस बार जब फसल कटने का समय आया तो नारकोटिक्स विरोधी एजेंसियों ने फसलें नष्ट करनी शुरू कर दीं जिससे हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो गई। जिसका गुस्सा इस जातीय हिंसा में देखने को मिला। मणिपुर में नारकोटिक्स विरोधी एजेंसियों ने हजारों एकड़ में लगी अफीम की फसल को जलाना शुरू कर दिया, इससे स्थानीय लोगों में सरकार के खिलाफ काफी रोष पैदा हो गया। बाद में चलकर जातीय हिंसा का यह एक बड़ा कारण भी बना और मैतेई-कुकी तथा अवैध रूप से बसे मुस्लिमों के बीच दंगों का भी।

वहां हालत ऐसी हो गई है कि सरकार को दो-दो मोर्चों पर जूझना पड़ रहा है। एक ओर तो सरकारी अमला अवैध अफीम की खेती को नष्ट करता फिर रहा है तो दूसरी ओर म्यांमार से बड़े पैमाने पर आ रहे ड्रग्स को, जिसमें अफीम भी है। केंद्रीय और राज्य का नारकोटिक्स विभाग राज्य में अफीम आने से रोकने की कोशिश कर रहा है। लेकिन इस खेल में बहुत से भागीदारों के होने के कारण यह जटिल हो गया है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या है म्यांमार, जहां बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होती है और नशीली दवाओं का कारोबार भी होता है। भारत और म्यांमार की सीमा 400 किलोमीटर लंबी है और दुर्गम भी। यही कारण है कि वहां न केवल नशीली दवाओं के तस्कर ही नहीं, सोने के तस्कर भी सक्रिय हैं। नागालैंड, मणिपुर वगैरह में आतंकी कार्रवाई करने के बाद उग्रवादी भी म्यांमार भाग जाते हैं। भारत चाह कर भी उनके खिलाफ कुछ कर नहीं पाता। वहां सैनिक शासन है और सेना नशीली दवाओं के कारोबार में भी दखल रखती है। इसलिए तस्करों को भारत अफीम भेजने में आसानी होती है जहां से पैसे मिलते हैं जिसका हिस्सा वहां के सेना के अधिकारियों तक पहुंचता है। ज़ाहिर है कि इस आकर्षक धंधे में सभी आना चाहते हैं।

दिलचस्प बात यह है कि ज्यादातर कुकी मणिपुर के मूल निवासी नहीं है, फिर भी वे अब जनसंख्या के बल पर अपना अलग प्रशासन चाहते हैं। यह भी झगड़े की एक बड़ी वज़ह है। कुकी लड़ाकू किस्म के कबाइली हैं और उनकी मिजो और नागाओं से झड़पें होती रहती हैं। कई बार तो उनकी लड़ाई कई-कई महीनों तक चली है। ज्यादातर कुकी चिन म्यांमार से अवैध रूप से भारत आये थे और बड़े पैमाने पर मणिपुर में बस गये थे। अभी भी उनका वहां से आना जारी है। वहां के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में उन्हें खोज पाना आसान भी नहीं है।

भारत के पूर्वोत्तर राज्य मैदानी राज्यों की तरह नहीं हैं। यहां के लोग अलग हैं और समस्याएं भी। यहां बरसों से जमकर भ्रष्टाचार होता रहा है और तस्करी भी खूब होती है। म्यांमार से नशीले पदार्थों की तो तस्करी होती ही है, चीन से कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की भी। अफीम उपजाने के इस खेल में बहुत से तत्व हैं जिनमें कई सत्ता के नजदीक होने के कारण बचते रहे हैं। यहां तक कि पुलिस वाले और कई कारोबारी भी इस आसान तरीके से पैसा कमाने में जुटे हुए हैं। इनमें से कई पकड़े भी गये हैं लेकिन धंधा है कि बदस्तूर चलता रहता है। अफीम ने मणिपुर को काफी हद तक जंगलविहीन बना दिया है क्योंकि सैकड़ों वर्ग किलोमीटर जंगल काटकर वहां अफीम की अवैध खेती की जा रही है। इससे पर्यावरण को धक्का तो लग रहा है, इस सुरम्य राज्य की सुंदरता घटती जा रही है।

मणिपुर में थोड़े समय में शांति हो जायेगी लेकिन सवाल यह है कि क्या इसके साथ ही झगड़े की जड़ अफीम की खेती तथा तस्करी मिट जायेगी? इस गंभीर समस्या पर देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से विचार करना होगा।

**-मधुरेन्द्र सिन्हा**

ये लेखक के आने विचार हैं।

# मध्य प्रदेश के फिर 'बाघ राज्य' बनने के मायने

मध्यप्रदेश एक बार फिर 'बाघ राज्य' यानी टाइगर स्टेट के नाम से जाना जाएगा। यहां बाघों की आबादी 526 से बड़कर 785 पहुंच गई है, जो सभी प्रांतों में सबसे ज्यादा है। केन्द्रीय वन राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने अखिल भारतीय बाघ आकलन रिपोर्ट-2022 जारी कर राज्यवार और बाघ आरक्षित क्षेत्रवार बाघों की वर्तमान में मौजूद संख्या के आंक? जारी किए हैं। देश में अब बाघों की कुल संख्या 3682 हो गई है। इसके पहले कुल 3167 बाघ थे। हालांकि, यह संख्या और ज्यादा हो सकती है, मध्यप्रदेश को छोड़ अन्य राज्यों में बाघों की गिनती केवल बाघ संरक्षण क्षेत्रों में की गई है, लेकिन मध्यप्रदेश में उन 25 क्षेत्रों में भी गणना की गई, जहां पहली बार बाघों की उपस्थिति का पता चला था।

दरअसल, खुले जंगलों में घूम रहे इन बाघों की संख्या 335 दर्ज की गई है। कुल 900 वर्ग किलोमीटर वनखंडों में फैले अकेले रातापानी अभयारण्य में 88 बाघ पाए गए हैं। बाघों की खुले वनों में मौजूदगी यह संकेत भी देती है कि बाघ परियोजनाओं के बिना भी बाघों की वंशवृद्धि संभव है! अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई को जारी इन आंकड़ों से उत्साहित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बाघ का पुनर्स्थापन कठिन काम है। यह समाज के सहयोग के बिना संभव ही नहीं है। अतएव हम सब भावी पीढ़ियों के लिए प्रकृति संरक्षण का एक बार फिर संकल्प लें।' बाघों की यह गिनती 'कैमरा ट्रैपिंग' पद्धति से की गई है। वर्ष 2018 में पहली बार इस पद्धति की विलक्षण उपयोगिता 27,000 कैमरे लगाकर, साड़े तीन करोड़ चित्र लेकर सामने आई थी। इस गणना को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड ने भी स्थान दिया था। यह दुर्लभ प्राणी एक समय लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया था, तब 1 अप्रैल, 1973 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बाघ परियोजनाओं के जरिए बाघ संरक्षण के मजबूत उपाय किए थे।

बीती सदी में जब बाघों की संख्या कम हो गई तब मध्यप्रदेश के कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में पैरों के निशान के आधार पर बाघ गणना प्रणाली को शुरुआती मान्यता दी गई थी। ऐसा माना जाता है कि हर बाघ के पंजे का निशान अलग होता है और इन निशानों को एकत्र कर बाघों की संख्या का आकलन किया जा सकता है। कान्हा के पूर्व निदेशक एचएस पवार ने इसे एक वैज्ञानिक तकनीक माना था, लेकिन यह तकनीक उस समय मुश्किल में आ गई, जब 'साइंस इन एशिया' के मौजूदा निदेशक के. उल्लास कारंत ने बंगलुरू की वन्य जीव संरक्षण संस्था के लिए विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में बंधक बनाए गए बाघों के पंजों के निशान लिए और विशेषज्ञों से इनमें अंतर करने के लिए कहा। इसके बाद पंजों के निशान की तकनीक की कमजोरी उजागर हो गई और इसे नकार दिया गया। इसके बाद 'कैमरा ट्रैपिंग' का एक नया तरीका पेश आया, जिसे कारंत की टीम ने शुरुआत में दक्षिण भारत में लागू किया। इसमें जंगली बाघों की तस्वीरें लेकर उनकी गणना की जाती थी। ऐसा माना गया कि प्रत्येक बाघ के शरीर पर धारियों का प्रारूप उसी तरह अलग-अलग है, जैसे इंसान की अंगुलियों के निशान अलग-अलग होते हैं। यह एक महंगी आकलन प्रणाली थी। पर यह बाघों के पैरों के निशान लेने की तकनीक से कहीं ज्यादा सटीक थी। इसके तहत कैप्चर और री-कैप्चर की तकनीकों वाले परिष्कृत सांख्यिकी उपकरणों और प्रारूप की पहचान करने वाले सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके बाघों की विश्वसनीय संख्या का पता लगाने की शुरुआत हुई। इस तकनीक द्वारा गिनती सामने आने पर बाघों की संख्या नाटकीय ढंग से घट गई थी, जो अब बढ़ रही है।

बाघों की संख्या इसलिए बढ़ पाई क्योंकि इनकी बसाहट की बाधाएं दूर करके युद्धस्तर पर प्रयास किए गए। मध्यप्रदेश में 2010 से 2022 के बीच बाघ संरक्षण क्षेत्र में आने वाले करीब 200 ग्रामों का विस्थापन किया गया। सबसे अधिक 75 सतपुड़ा बाघ संरक्षण क्षेत्र से हटाए गए। वनों से गांव हटे तो ग्रामों और खेतों की जमीन में घास के मैदान और तालाब विकसित किए गए, इससे हिरण शाकाहारी प्राणियों को अनुकूल प्राकृतिक आवास और वातावरण के साथ पर्याप्त आहार की आसान सुविधा भी मिल गई। नतीजतन शाकाहारी वन्य जीवों की संख्या बढ़ती चली गई, बाघों के लिए आसान शिकार के रूप में मिलने लग गए। लिहाजा शिकार का बड़ा क्षेत्र बाघों को मिल गया। इधर वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने इनकी सुरक्षा का मोर्चा संभाल लिया। इनकी गश्त और अनुसंधान प्रणाली में अपेक्षित तकनीकी बदलाव व नए उपकरणों की उपलब्धता ने सतर्कता को चौकस बनाने का काम किया। अतएव वंशवृद्धि आसान हो गई।

मध्यप्रदेश की सरकार ने वन्य जीव संरक्षण के लिए एक कार्ययोजना भी बनाई है। इसके अंतर्गत शिकार की गतिविधियों पर अंकुश के लिए आने वाले 20 वर्षों में वन्य जीव फोरेंसिक तकनीक पर काम किया जाएगा। इसकी मदद से शिकार और अवैध व्यापार पर नकेल कसी जाएगी। वन्य प्राणी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। वन्य प्राणी और मानव द्वंद्व के मामलों को कम करने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही अंतर्देशीय जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण, जलभराव और संरक्षित क्षेत्रों में किया जाएगा।

**-प्रमोद भार्गव**

ये लेखक के अपने विवार हैं।

## आपका राशिफल 5 अगस्त



पं.लोकेश व्यास

**शुभांक - 9,1,2**

- **मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा निवेश करना लाभकारी होगा प्रदोष का व्रत करें
- **वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कीमती वस्तुएं संभाल कर रखें अपेक्षित कार्य में विलंब होगा
- **मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें ऊंचे स्थानों पर ना चढ़े विवाद से बचें बुध ग्रह का पूजन करें
- **कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): थकान और कमजोरी रहेगी प्रतिद्वंदिता व्यापार-व्यवसाय में बढ़ेगी देवी दुर्गा का पूजन करें
- **सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): घरेलू कार्य में विलंब होगा मानसिक अस्थिरता रहेगी भगवान सूर्य को जल दें
- **कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): भूमि भवन खरीदी की योजना बनेगी जल्दबाजी न करें गुप्त शत्रु बन सकते हैं
- **तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): परिवार के छोटे सदस्यों के शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में चिंता रहेगी
- **वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): पुराने शत्रु सक्रिय होंगे शारीरिक कष्ट होगा धैर्य रखें मंगल ग्रह की पूजा करें
- **धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): थोड़ी प्रभाव से कार्य सिद्धि होगी निवेश में विवेक का प्रयोग करें हनुमान जी की आराधना लाभकारी
- **मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे धन अर्जन होगा प्रशासन से बैर ना ले गणपति स्तुति करें
- **कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): जल्दबाजी न करें धना गम होगा शरीर को आराम की आवश्यकता होगी भगवान शिव का पूजन करें
- **मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य की बाधा दूर होगी अप्रत्याशित लाभ के योग हैं भगवान विष्णु का पूजन करें

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें

ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

संपर्क - 9009074786

# एचडीएफसी बैंक ने पूरे भारत में 100 से अधिक बीसीसी का उद्घाटन

**जबलपुर, यशभार।** भारत के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, बिहार, असम, तेलंगाना, ओडिशा और भारत के कई अन्य राज्यों में 100 से अधिक बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सेंटर्स (बीसीसी) के उद्घाटन की घोषणा की। ये सेंटर्स एक छोटी शाखा के रूप में कार्य करेंगे, जिसमें ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई) ग्राहकों को डिजिटल मॉड्यूल पर आधारित बैंकिंग उत्पादों का लाभ प्राप्त करने में सहायता करेंगे। वीएलई-विलेज लेवल आंत्रप्रेन्योर्स, जो मौजूदा माइक्रो-आंत्रप्रेन्योर्स हैं और गवर्नमेंट-टू-कंज्यूमर (जी2सी) सर्विसेज प्रदान कर रहे हैं।




अब वीएलई भी अतिरिक्त रूप से देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में बैंकिंग उत्पाद और बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान करेंगे। ग्रामीण ग्राहकों को कई तरह के बैंकिंग उत्पादों की सेवाएं प्रदान करते हुए, बीसी अब अपने लिए अलग से नई कमाई का रास्ता खोल सकेंगे। यह पूरी तरह से बदलाव लाने वाला मौका सस्टेनेबल विकास के नए द्वार खोलता है, वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इनक्लूजन) के सभी फायदे प्राप्त करने के लिए प्रमुख चालकों के रूप में उनकी भूमिका को और मजबूत करता है।

इस लॉन्च का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए एक आसान बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है। ये सेंटर जमीनी स्तर पर एचडीएफसी बैंक के उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाएंगे और ग्राहक को कई तरह के लाभ प्रदान करेंगे। वे बैंकिंग सेवाओं का एक विस्तृत पोर्टफोलियो पेश करेंगे, जिसमें बायोमैट्रिक के साथ खाता खोलना, एफडी/आरडी, एईपीएस एनेबल्ड नकद जमा और निकासी, विभिन्न तरह के लोन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और यहां तक कि ईएमआई कलेक्शन सुविधा भी शामिल है। एचडीएफसी बैंक के सभी उत्पादों और सेवाओं को सीएससी की डिजिटल सर्विस में काफी आसानी से इंटीग्रेट किया जाएगा।

# गोदरेज एग्रोवेट के डबल की नई पैकेजिंग दिल छू गई

**जबलपुर, यशभारत।** गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस ने आज बताया कि कंपनी का बायोस्टिमुलेंट, डबल बाजार में जबरदस्त रफ्तार पकड़ रहा है। किसानों को नकली उत्पादों से बचाने के उद्देश्य से हाल ही में शुरू की गई डबल पैकेजिंग को चैनल भागीदारों और किसानों द्वारा शानदार प्रतिक्रिया मिली है। जीएवीएल ने पिछले महीने डबल के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में नए सेलिब्रेटिव पैक को लॉन्च किया। उपयोगकर्ता के अनुकूल और सुरक्षित पैकेजिंग वाले इस बोतल में नकल से बचने के लिए ऐसा सील और जटिल वॉटरमार्क है जिसके के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, इसमें प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए बोतल पर होलोग्राम भी है और दृष्टिबाधितों के लिए इसकी नेक पर खतरे का निशान है गोदरेज एग्रोवेट के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजावेलु एनकेकहते हैं, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में हमारे चैनल भागीदारों से अद्भुत प्रतिक्रिया मिलना




उत्साहजनक है। हमारी नवीन पैकेजिंग की भारी स्वीकृति, बाजार में मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद, हमें काफी आशान्वित करता है, चूंकि हम आगामी प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर (पीजीआर) सीज़न की उत्सुकता से उम्मीद कर रहे हैं। उत्पाद और नई पैकेजिंग के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए, कंपनी ने डबल डेमो मंच शुरू किया है। यह मंच इसी वर्ष 15 जुलाई को शुरू हुआ और इस साल 15 अगस्त तक बना रहेगा। कंपनी कपास उत्पादक राज्यों में 6,000 डेमॉन्स्ट्रेशंस करने की योजना बना रही है ताकि सभी चिंताओं को दूर किया जा सके और किसानों को प्रामाणिक उत्पाद का उचित और अनुशंसित मात्रा में उपयोग के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की जा सके। पिछले 25 वर्षों में, डबल ने रूपांतकारी बदलावों को उत्प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और लगभग 3 करोड़ एकड़ कृषि भूमि का उपचार किया है जिससे लगभग 2 करोड़ किसान परिवारों का जीवन काफी बेहतर हुआ है। जीएवीएल किसानों को सशक्त बनाने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और देश के कृषि विकास में योगदान करने के अपने मिशन में दृढ़संकल्पित है।



श्मशान की राख ठंडी होने से पहले तू ठंडा हो जाना। घर की आगबुझाने तो पड़ौसी भी आ जायेंगे पर मन में जो कषायों की आग लगी है उसे बुझानें पड़ोसी नहीं आयेंगे। उसे तो तुझे ही बुझाना पड़ेगा। जलने से पहले जलना छोड़ देना। पहले घर में दीप जलाओ, बाद में मंदिर में जलाना। घर में सुख होगा तो बाहर हर जगह सुकून मिलेगा। अपने दीपक खुद बनो। अप्पो देवो भवः।

**- मुनिश्री तरुण सागर**

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त
यश भारत
नये जमाने के साथ..
Classified
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान • दुकान/आफिस खरीदना बेचना • ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1800/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

## फिल्म वर्ग पहेली- 6240

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगू ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक ?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका ?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका ?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी ?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6239 (हल)

Jagrutidaur.com, Bangalore

# जलप्लावन प्रभावित इलाकों में राहत देने पहुंचे कैंट बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष



**जबलपुर,यशभारत।** केंट बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे ने केंट कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केंट विधानसभा के जलप्लावन प्रभावित क्षेत्रों में जाकर निरीक्षण किया और नगर निगम अधिकारियों से बात करते हुए जल्द निराकरण करने की मांग की। अभिषेक चौकसे के अनुसार पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से बिलहरी कजरवारा पिंक सिटी केंट के अन्य जगहों पर हालात दयनीय है क्योंकि भाजपा जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में यहां के बड़े-बड़े नालों को पूर्व में छोटा कर दिया गया था जिससे अब बारिश में सड़कों पर पानी भर रहा है। आलम ये है कि केंट विधानसभा क्षेत्र के कई घरों में पानी घुस रहा है और यह विधानसभा एक ग्रामीण विधानसभा बनकर रह गई है। केंट बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष अभिषेक चौकसे के साथ निरीक्षण के दौरान राजेश चौबे, पवन कनौजिया, विजय पांडे ,राहुल रजक ,सैमुअल जेवियर सहित अन्य मौजूद रहे।

## शब्द पहेली - 7753

**बाएँ से दाएँ**

1.धनुर्धर-2,2
4.तरुणी,नाजनीन-4
7.संतुष्ट होना-5
9.टेलीग्राम-2
11.महोदय (अंग्रेजी-2)
12.कटि,कमरिया-3
14.फटकार,भर्त्सना-4
15.वतन,स्वदेश-4
16.पार होना,पार करना-3
18.विद्रोही-2
19.गरीब,निर्धन-2
21.लोचदार,लचकदार-5
25.पारंपरिक,पुरातन-4
26.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1.शीघ्रता,जल्दी-3
2.मूल्य,कीमत-2
3.जनता,आम आदमी-2
4.किनारा,कोरा-2
5.इंकार,मनाही-2
6.पानी गर्म करने का यंत्र-3
8.भ्रम,वहम-3
10.साधू,संन्यासी-3,2
11.मुलायम सिंह की राजनीतिक पार्टी-5
12.कपड़े की दीवार-3
13.जिव्हा,जीभ-3
17.रसदार,रसभरा-3
18.कारण,वजह-3
20.नेत्र,लोचन-3
21.बुरी आदत-2
22.एक पड़ोसी देश-2
23.पराया,पंख-3
24.रग,नाड़ी-2

शब्द पहेली -7752 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

## » न्यूज गैलरी

### तीन मंजिला इमारत से गिरकर युवक की मौत

**भोपाल, यशभारत।** शहर के शाहपुरा स्थित एक निजी कंपनी की तीन मंजिला इमारत से गिरकर युवक शिवराज सोलंकी (35) की मौत हो गई। हादसा बुधवार रात को हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। शाहपुरा थाना प्रभारी अवधेश भदौरिया ने बताया कि शिवराज बिल्डिंग में देखरेख का काम करता था। निजी कंपनी द्वारा पानी एवं मिट्टी की जांच करने का काम किया जाता है। कंपनी का कार्यालय तीन मंजिला भवन में मौजूद है। शिवराज अपनी पत्नी एवं बच्चे के साथ लंबे समय से यहां रह रहा था। उसका कोई रिश्तेदार आया था, उसके साथ वह पार्टी कर रहा था। इसी दौरान वह छत पर चला गया। टहलते हुए उसका नियंत्रण बिगड़ने से वह नीचे गिर गया।

### जल चढ़ाते पैर फिसला शिक्षिका की अस्पताल में मौत

**भोपाल, यशभारत।** टीला जमालपुरा इलाके में बुधवार सुबह तुलसी को जल चढ़ाते समय पैर फिसलने से नीचे गिरी शिक्षिका की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। टीला जमालपुरा पुलिस के मुताबिक सूबेदार कालोनी निवासी 27 वर्षीय कीर्ति प्रजापति सुबह करीब 7 बजे पहली मंजिल पर तुलसी को जल चढ़ा रहीं थी। जल चढ़ाते समय उनका पैर फिसल गया जिससे वह नीचे आकर गिरी।

### 42 लाख मतदाताओं के वोटर आईडी में सुधार के आवेदन

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव नवंबर माह में संभावित है। मध्यप्रदेश में 5.44 करोड़ मतदाता हैं। पहली बार चुनाव आयोग को 41.85 लाख मतदाताओं ने मतदाता सूची से नाम काटने, पता इत्यादि में संशोधन कराने, मोबाइल नंबर जुड़वाने और फोटो बदलवाने के लिए आवेदन किए हैं।

### पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने पर ठोका 1.80 करोड़ जुर्माना

**भोपाल यशभारत।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा नगर निगम पर 1.80 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही इसे दो माह में मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के खाते में जमा करने के निर्देश दिए हैं। जुर्माने की राशि का उपयोग आदमपुर छावनी के आसपास आग की वजह से हुई पर्यावरणीय क्षति को सुधारने में किया जाएगा। बता दें कि आदमपुर छावनी स्थित लैंडफिल साइट में फरवरी 2023 को यहां डंप कचरे में आग लग गई थी। जिससे आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ था। फरवरी माह में लैंडफिल में लगी आग 15 दिन से अधिक समय तक सुलगती रही, लेकिन पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से इसे बुझाया नहीं जा सका था। इससे उत्पन्न वायु व भूजल प्रदूषण को लेकर पर्यावरणविद सुभाष सी पांडे ने एनजीटी में याचिक लगाई थी।

### अब दवाओं पर भी क्यूआर कोड अनिवार्य

**भोपाल यशभारत।** जिस तरह से दवाइयों के रॉ मटेरियल पर क्यूआर कोड की अनिवार्यता रहती है, उसी तरह दवाइयों की स्ट्रिप पर भी क्यूआर कोड अनिवार्य कर दिया गया है। 1 अगस्त के बाद बनने वाली दवाइयों पर इसे अनिवार्य कर दिया गया है, साथ ही उसमें दवाई का जेनरिक नाम लिखने के लिए भी आदेश जारी किए गए हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि इससे नकली दवाइयों पर लगाम लगेगी और कोड स्कैन करने के बाद दवा के संबंध में पूरी जानकारी मोबाइल पर आ जाएगी।

### बच्चे बनेंगे समाज का सुरक्षा कवच, पुलिस आयुक्त भोपाल द्वारा दिया गया यह संदेश

**भोपाल,यशभारत।** सृजन समूह के कार्यक्रमों का सातवां समूह समाप्त होने पर ऐशबाग की बालिकाओं ने एक सशक्तीकरण संदेश देते हुए एक रंगारंग कार्यक्रम पुलिस कमिश्नर कार्यालय के प्रांगण में प्रस्तुत किया। मौका था बालिका सशक्तिकरण समूहों के 15 दिवस प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण होने के सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग तथा कानून की शिक्षा और केरियर डेवलपमेंट की शिक्षा उन बालिकाओं को प्रदान करना, जिन बालिकाओं को ऐसे अवसर आते नहीं मिलते हैं ऐसी बालिकाओं को समाज की मुख्यधारा में लाना तथा एक उनके बेहतर भविष्य को गढ़ना, सामाजिक सुरक्षा विस्तृत करना तथा उन्हें महिलाओं की सुरक्षा, बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागृत कर समाज में घरेलू हिंसा को मुक्त रखने के लिए, कटिबद्ध करने के लिए तथा सशक्तिकरण के लिए आयोजित किए गए।

---

**कमलनाथ के सर्वे पर भारी पडेगा दिग्विजय का जमीनी आकलन और संपर्क**

# कांग्रेस: टिकट के दावेदारों का दिग्विजयी दिग्भ्रम

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेस के दावेदार इन दिनों उहांपोह की स्थिति में हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और भावी मुख्यमंत्री कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि पार्टी सिर्फ सर्वे के आधार पर टिकट देगी। दूसरी तरफ कांग्रेस हाईकमान द्वारा बनाई गई स्क्रीनिंग कमेटी चुगली कर रही है कि प्रत्याशी चयन में दिग्विजय सिंह की भूमिका थर्ड अंपायर वाली होगी, भले ही दिग्विजय भी दावा करते हों कि टिकिट सिर्फ कमलनाथ के सर्वे के आधार पर ही मिलेंगे।

हाल ही में कांग्रेस द्वारा घोषित स्क्रीनिंग कमेटी के प्रमुख सहित ज्यादातर मेंबर दिग्विजय सिंह के करीबी हैं। इसके अलावा कांग्रेस की जमीन तैयार करने के लिए दिग्विजय सिंह प्रदेश भर में लगातार दौरे कर जमीनी नेताओं से मेल-मुलाकात ही नहीं कर रहे,

### स्क्रीनिंग कमेटी में दिग्विजय समर्थकों का दबदबा




संभावित जिताऊ उम्मीदवार के बारे में फीडबैक भी ले रहे हैं। दिग्विजय सिंह किसी को आश्वस्त भले ही नहीं कर रहे, लेकिन उनके पार्टीजनों के साथ घुलने मिलने का अपना अलग असर हो रहा है। वे नाराज पार्टीजनों के मनाने के साथ ही वो सब काम कर रहे हैं, जो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष को करना चाहिए। एक तरह से वे कांग्रेस के वह उत्प्रेरक की भूमिका में हैं, जो कांग्रेसजनों के टिकट से लेकर सरकार तक की उम्मीद जगा रहा है।

अब जरा स्कीनिंग कमेटी पर नजर डालें। इस कमेटी के प्रमुख भंवर जितेंद्र सिंह दिग्विजय सिंह के काफी करीबी हैं, वे लंबे समय से राजा साहब के निकट संपर्क में हैं। कमेटी के एक अन्य सदस्य अजय कुमार लल्लू उत्तरप्रदेश से ताल्लुक रखते हैं, जहां के प्रभारी दिग्विजय सिंह रह चुके हैं। लल्लू ने उत्तरप्रदेश में दिग्विजय के साथ खूब काम किया हुआ है और उनकी कार्यशैली और पसंद-नापसंद से वे वाकिफ हैं। प्रदेश के बाहर के तीन कमेटी मेंबरों में से सिर्फ ये दोनों प्रमुख नेता ही दिग्विजय हितैषी नहीं हैं। प्रदेश से कमेटी में शामिल नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह भी राजा साहब के गुट के सिपहसालार माने जाते हैं। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और विधायक कांतिलाल भूरिया भी दिग्विजय खेमे से ही ताल्लुक रखते हैं। कभी दिग्विजय सरकार में उनके चहेते मंत्री रहे इंद्रजीत कुमार पटेल के विधायक पुत्र कमलेश्वर पटेल भी राघोगढ़ खेमे के ही सिपाही हैं। इतने दबदबे के ऊपर खुद दिग्विजय सिंह भी कमलनाथ के साथ स्क्रीनिंग कमेटी में हैं। इसलिए कांग्रेस का आम दावेदार भी समझ रखता है कि प्रत्याशी चयन में असली भूमिका कौन निभाएगा। सर्वे भारी पड़ेगा या दिग्विजयी दबदबा। दूसरी तरफ कमलनाथ सिर्फ अपने सर्वे के भरोसे हैं। वे दावेदारी जताने वालों को दो टूक सर्वे में होगा तो टिकिट मिलेगा कह कर चलता कर देते हैं। हाल ही में शिवराज सरकार की परेशानी का सबब बनीं बैतूल की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे को भी चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करने पर उनका यही टका सा जवाब था। कोई आश्वासन न मिलने के कारण मैडम को दिग्विजय सिंह के संपर्क सूत्र टटोलने पड़े।

कांग्रेस द्वारा लगातार हारने वाली 66 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी लेकर दिग्विजय ने पहले ही इशारा कर दिया था कि इनके प्रत्याशी चयन में उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं महाकौशल अंचल को छोड़कर बाकी क्षेत्रों के दावेदारों में दिग्विजय सिंह की नजरों में चढ़ने और उन तक अपनी दावेदारी पहुंचाने की होड़ लगी हुई है। स्क्रीनिंग कमेटी के दबदबे ने उनकी इस ताकत में और इजाफा किया है। इसलिए टिकट वितरण को लेकर भाजपा की तरह कांग्रेस में भी इस बार खासा माहौल बनता दिख रहा है। एक वरिष्ठ नेता के अनुसार टिकिटों में सर्वे से ज्यादा राजा साहब के अपने आकलन का वजन चलना तय दिख रहा है।

---

# देश में पहली बार पेपरलेस बाघों की गणना

**पन्ना टाइगर रिजर्व में 14 हजार ट्रैप कैमरों से जंगल किया कवर, 80 से अधिक बाघ आए नजर**



**भोपाल , यशभारत।** देश में पहली बार बाघों की गणना पेपरलेस तरीके से होगी। मध्य प्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व में ट्रैप कैमरा द्वारा की गई गणना में अच्छी खासी बाघों की मौजूदगी का खुलासा हुआ है। पीटीआर में इन दिनों 64 बाघ घूम रहे हैं जो कि सभी वयस्क है।

पन्ना टाइगर रिजर्व से लगे हुए बफर एरिया उत्तर वन मंडल में 13 बाघों की मौजूदगी दर्ज की गई है। कुछ बाघ सीमावर्ती क्षेत्र में भी मिले हैं। कुल बाघ 85 से 90 के बीच में है। पन्ना टाइगर रिजर्व में प्रति 100 वर्ग किलोमीटर में 3.18 बाघ उपलब्ध है।

टाइगर रिजर्व में संसाधनों की कमी से दो चरणों में इसे पूरा किया गया। गणना के लिए ट्रैप कैमरा खरीदना पड़ा। साथ ही ट्रैप कैमरा एक ही स्थान पर लगातार 25 दिनों तक चलता था। टाइगर रिजर्व ने कैमरे के साथ 14000 पेटियां और सहयोगी उपकरण भी खरीदे थे। ट्रैप कैमरा के जरिए बाघों की गणना के दौरान 162 जीबी डाटा यूज किया गया।

कैमरों से बाघ तेंदुए सहित अन्य प्राणियों की 1770989 तस्वीरें ली गई। उन्हें एनालाइज करने के लिए जबलपुर भेजा गया। 14000 ट्रैप कैमरों से 40 किलोमीटर के जंगल को कवर किया गया। प्रति 2 वर्ग किलोमीटर में 2 कैमरे लगाए गए थे। 14310 में भी पर्याप्त संख्या में मिले हैं। इसके लिए 8 राज्यों के अलावा टाइगर रिजर्व के 9 से अधिक कर्मचारी अधिकारी शामिल हुए।

### एमपी नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भोपाल(ईएमएस)।** शहर में सम्पत्ति संबंधी आपराधो पर नियंत्रण रखने तथा अपहृत मामलो मे मुखबिर तंत्र विकसित कर शत प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित करने एवं फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल अवधेश गोस्वामी द्वारा दिशा निर्देश दिये गये है। उक्त तारतम्य में पुलिस उपायुक्त जोन - 02 भोपाल श्रीमती श्रद्धा तिवारी, अति. पुलिस उपायुक्त जोन-02 राजेश भदौरिया सहायक पुलिस आयुक्त अक्षय चौधरी मार्गदर्शन मे थाना एमपी नगर पुलिस ने अपराध क्रमांक 355/23 धारा 294, 307, 34 द्वश्चष् में फरार आरोपी रोहित पिता राजू सोनवरे उम्र 23 साल निवासी मल्टी 23 पंचशील नगर टीटी नगर एवं आकाश पिता मुकेश उम्र 23 साल निवासी 308 सागर स्टाइल मिसरोद को गिरफ्तार किया हैं।

---

# साढ़े चार लाख पेंशनर को मिलेगा 38 प्रतिशत महंगाई राहत

**छत्तीसगढ़ सरकार ने की वृद्धि, अब मप्र सरकार भी करेगी पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी**

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर की महंगाई राहत में पांच प्रतिशत की वृद्धि करने का रास्ता अब साफ हो गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बुधवार को पेंशनर की महंगाई राहत में पांच प्रतिशत बढ़ाकर 38 प्रतिशत कर दी है। शिवराज सरकार जनवरी 2023 में ही महंगाई राहत में वृद्धि करने का निर्णय ले चुकी है लेकिन सहमति न मिलने के कारण लाभ नहीं मिल रहा था। अक्टूबर 2022 से पेंशनर को 33 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिल रही है। इस प्रकार नौ माह बाद अब इसमें वृद्धि होगी।




### पेंशनर का जानबूझकर नुकसान

उधर, पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश दत्त जोशी का कहना है कि पेंशनर का जानबूझकर नुकसान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ ने जुलाई से सातवें वेतनमान में पांच और छठवें वेतनमान में 11 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत बढ़ाने के आदेश जारी किए हैं। यही मध्य प्रदेश में भी लागू होंगे यानी महंगाई राहत कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की तुलना में चार प्रतिशत कम रहेगी। जनवरी से जुलाई तक का एरियर भी नहीं मिलेगा।

प्रदेश में पेंशनर को अक्टूबर 2022 से 33 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत मिल रही है। जबकि, इस अवधि में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता दो बार, जनवरी और जुलाई 2023 में बढ़ाया जा चुका है। इन्हें वर्तमान में 42 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। शिवराज सरकार ने जनवरी में कर्मचारियों की तरह पेंशनर को महंगाई राहत देने का निर्णय लिया था और छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति मांगी थी। इसके लिए तीन-चार बार स्मरण पत्र भी वित्त विभाग के अधिकारियों ने लिखा लेकिन सहमति नहीं मिली।

#### बिना आपसी सहमति वृद्धि नहीं

राज्य पुनर्गठन अधिनियम के प्रविधान अनुसार बिना आपसी सहमति वृद्धि नहीं की जा सकती है, इसलिए मामला अटका हुआ था। अब छत्तीसगढ़ सरकार ने कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर की महंगाई राहत 33 से बढ़ाकर 38 प्रतिशत कर दी है। इसकी सूचना भी मध्य प्रदेश को दे दी गई है। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अब महंगाई राहत बढ़ाने में कोई परेशानी नहीं है। इसके आदेश जल्द ही हो जाएंगे। पांच प्रतिशत की वृद्धि से पेंशनर को न्यूनतम 350 और अधिकतम आठ हजार रुपये का प्रतिमाह लाभ होगा।

---

# कमल नाथ ने शिवराज सरकार पर बोला हमला

**कहा 'राजपोषित अपराध मप्र के माथे पर कलंक बन गए'**




**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश के सिंगरौली जिले के मोरवा में मामूली विवाद के बाद विधायक राम लल्लू वैश्य के पुत्र विवेक वैश्य द्वारा आदिवासी युवक को गोली मारने की घटना पर सियासी माहौल गरमा गया है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने इस मामले में भाजपा नेताओं पर हमला बोलने के साथ-साथ शिवराज सरकार को भी घेरा। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज पर अपराधियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि राजपोषित अपराध प्रदेश के माथे पर कलंक बन गए हैं। कमल नाथ ने शुक्रवार सुबह एक ट्वीट किया, जिसमें उन्?होंने लिखा कि मध्य प्रदेश के भाजपा नेताओं में आदिवासी समुदाय पर अत्याचार करने की होड़ मची है। सीधी में आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना को अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है कि सिंगरौली में भाजपा विधायक रामलल्लू वैश्य के बेटे विवेकानंद वैश्य ने एक आदिवासी युवक को गोली मार दी। युवक गंभीर रूप से घायल है। मैं पीड़ित आदिवासी युवक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।कमल नाथ ने ट्वीट में आगे लिखा कि मैं मुख्यमंत्री से जानना चाहता हूं कि क्या भाजपा नेताओं का एक ही काम बचा है कि वे आदिवासी, दलित, महिलाओं और सर्व समाज के लोगों का उत्पीड़न करें। आप इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाना तो दूर अपराधियों को बढ़ावा देते हुए नजर आ रहे हैं। पिछले दिनों हरदा से सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में सजा प्राप्त व्यक्ति को भाजपा में शामिल कर आपने स्पष्ट कर दिया है कि आप अपराधीमय भाजपा बनाने के अभियान में कितनी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। राजपोषित अपराध मध्यप्रदेश के माथे पर कलंक बन गए हैं।

---

## सेंट फ्रांसिस स्कूल विवाद मामले में पुलिस को नहीं मिली शिकायत, कमरे को नहीं किया था सील



भोपाल, यशभारत। जहांगीराबाद में स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में जांच करने पहुंची बाल आयोग की टीम के साथ विवाद मामले में पुलिस को शिकायत नहीं मिली है। घटना के एक दिन बाद तक जहंगीराबाद थाना पुलिस में कार्रवाई के लिए डीईओ की तरफ से कोई प्रतिवेदन नहीं पहुंचा है। वहीं, जिस कमरे को खोलने को लेकर विवाद हुआ था, उसे अधिकारी बिना सील किए ही स्कूल से लौट आए थे। अब जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरएन श्रीवास्ती की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी बनाई है। इस कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सेंट फ्रांसिस स्कूल जहांगीराबाद में बुधवार को कुछ बच्चों की फीस व टीसी की शिकायत मिलने पर बाल आयोग की टीम जांच करने पहुंची थी। बाल आयोग की टीम का कहना था कि निरीक्षण के दौरान स्कूल का ट्रस्टी बताने वाले कार्लो नाम के व्यक्ति ने अभद्र व्यवहार किया था। साथ ही एक कमरा नहीं नहीं खोला गया।

---

**ठेकेदारों द्वारा संविदा कर्मचारियों का शोषण**

## लाखों आउटसोर्स कर्मचारियों का कल भोपाल में जमावड़ा

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश के आउट सोर्स और अस्थाई ठेका कर्मचारी 6 अगस्त को राजधानी भोपाल में लाखों की संख्या में एकत्रित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में लगभग 10 से 12 लाख संविदा पर आउट सोर्स कर्मचारी काम कर रहे हैं। आउटसोर्स कंपनियों के ठेकेदार सरकार से 12 से 15 हजार रुपये प्रति कर्मचारी वेतन ले रहे हैं। लेकिन कर्मचारियों को मात्र 8 से ?10000 ही भुगतान किया जा रहा है। ठेकेदारों द्वारा कभी भी कर्मचारियों को निकाल दिया जाता है। ठेकेदार कंपनी द्वारा कोई भी सुविधाएं कर्मचारियों को नहीं दी जा रही हैं। जिसके विरोध में अब आउट सोर्स संविदा कर्मचारी राजधानी मैं प्रदर्शन करने के लिए एकजुट हो रहे हैं। कर्मचारी संगठन द्वारा प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी गई है। लेकिन अभी तक पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा इन्हें कोई अनुमति नहीं दी गई है। इसके बाद भी कर्मचारी संगठन यह कह रहे हैं, लाखों संविदा कर्मचारी 6 अगस्त को भोपाल आएंगे। संगठन द्वारा जुलाई माह से लगातार सरकार से संविदा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिए गए हैं।

---

## जेल में मोजे में भरकर फेंके तंबाकू पाउच, प्रहरियों ने छुपाया

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश के उज्जैन जिले के केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में मोजे में भरकर किसी ने तंबाकू के करीब सौ पाउच फेंके, जिन्हें जेल में मौजूद प्रहरियों ने छुपा दिए। दो प्रहरियों ने उठाकर बैरक नंबर 6 एवं 7 में छुपा दिया था। यह घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गया था। जिसके आधार पर जेल अधीक्षक ने दोनों प्रहरियों को निलंबित कर दिया।केंद्रीय जेल भैरवगढ़ लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। बुधवार रात को अज्ञात व्यक्तियों ने जेल में दो मोजों में भरकर 100 तंबाकू के पाउच फेंक दिए थे। मोजे जेल के अंदर परिसर में जाकर गिरे थे। ड्यूटी के दौरान मौजूद जेल प्रहरी परमवीरसिंह व गोविंद ने तंबाकू के पाउच बैरक नंबर 6 व 7 में ले जाकर छुपा दिए थे। जिसकी जानकारी मिलने पर जेल अधीक्षक मनोज साहू ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए तो उसमें दोनों प्रहरी रात को मोजे ले जाते हुए नजर आए थे। जिसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी की जा रही है। जेल सूत्रों का कहना है कि 10 रुपये की तंबाकू की पुड़िया जेल में 600 से 700 रुपये में मिलती है। जेल प्रहरी ही बंदियों को नशा उपलब्ध करवा रहे हैं। कई बार कार्रवाई के बाद भी रुपये के लालच में जेल प्रहरी मिलीभगत से इनकी बिक्री करते हैं। बता दें कि जेल में आए दिन कोल्ड्रिंक की बोतलों में भरकर शराब, मोजों में तंबाकू व मादक पदार्थ व ब्लेड जैसी चीजें भरकर फेंकी जाती है।

**दो प्रहरी निलंबित, सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था घटनाक्रम**

---

**हड़ताल** | **स्वास्थ्य व्यवस्थाएं प्रभावित मरीज हलाकान**

# मेडिकल छात्रा सुसाइड प्रकरणजीएमसी में जूनियर डाक्टर हड़ताल पर अड़े



**भोपाल, यशभारत।** गांधी मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टरों की हड़ताल के कारण अब मरीज और उनके स्वजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को लंबा इंतजार करने के कारण कई मरीज खुद ही हमीदिया से वापस हो गए क्योंकि स्टाफ इनसे कह रहा था कि डाक्टर हड़ताल पर हैं, तो ओपीडी में उपचार मिलने में देरी होगी। यह बात पुराने भोपाल से आए मो.अब्दुल कादीर ने बताई । उन्होंने बताया कि मेटरनिटी में उपचार को लेकर कोई गारंटी देने को तैयार ही नहीं है। जूनियर डाक्टरों ने सुबह जस्टिस फार सरस्वती के नारे के साथ रैली निकाली। शुक्रवार से हड़ताल में सीनियर रेसिडेंट डाक्टर भी शामिल हो सकते हैं। इसके बाद चिकित्सा व्यवस्थाएं पूरी तरह से चौपट हो सकती हैं। दरअसल, गांधी मेडिकल कालेज में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की जूनियर डाक्टर डा. बाला सरस्वती सुसाइड को लेकर एचओडी डा.अरुणा कुमार को गांधी मेडिकल कालेज से हटाने की मांग को लेकर करीब 250 से अधिक डाक्टर हड़ताल पर चल रहे हैं। इसके बाद कर्मचारी संगठनों ने भी जूनियर चिकित्सकों की समर्थन दे दिया है।

**रोजाना आते हैं लेबर पेन के 15 से 20 मरीज**–हमीदिया के महिला विभाग में रोजना करीब एक हजार के आसपास ओपीडी रहती हैं। इसमें 150 से अधिक इमरजेंसी मरीज शामिल होते हैं। वहीं लेबर पेन से पी?त इमरजेंसी केस रोजाना 15 से 20 के आसपास होते हैं। गुरुवार को भी कई मरीज डाक्टर के नहीं होने के कारण वापस हो गए।

**डा. अरुणा को हटा दें, हड़ताल समाप्त कर देंगे**–जूडा के अध्यक्ष डा.संकेत सीते ने बताया कि हमारी मांगें साफ हैं। डा. अरुणा कुमार मेडम को मेडिकल कालेज से हटाया जाए। कल भी हमें धमकाया गया। हम नहीं चाहते कि हड़ताल आगे बढ़े या रोगियों का नुकसान हो। रोज 35-40 से आपरेशन टल रहे हैं। डा. अरुणा कुमार का बहुत अधिक प्रभाव है। उनकी मौजूदगी में ही रेसीडेंट डाक्टरों में बहुत डर रहता है।

### जूडा ने डीन से की प्राध्यापक और सहप्राध्यापक की शिकायत

जूडा ने डा भारती परिहार ( प्राध्यापक ) एवं डा सोना सोनी (सहप्राध्यापक) की शिकायत डीन से की है। इसमें कहा गया है कि ये दोनों हड़ताल ख़त्म करने के लिए दवाब डाल रहे हैं। नहीं करने पर परिणाम भुगतने को तैयार रहने की धमकी दे रहे हैं। जूनियर डाक्टरों का कहना है कि यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना या अनहोनी होती है तो इसकी सारी जवाबदारी डा. भारती परिहार एवं डा सोना सोनी की रहेगी।

> हमें प्रदेश भर के कालेज के सीनियर-जूनियर रेसिडेंट का समर्थन मिल रहा है। एमटीए भोपाल का पहले ही समर्थन मिला हुआ है। हमारी हड़ताल डा.अरुणा को हटाने के बाद ही समाप्त की जाएगी।
>
> **- डा.संकेत सीते**, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन

---

# रेलवे की तस्वीर बदल रही योजना 1275 स्टेशन बनेंगे स्मार्ट, यात्रियों को मिलेगी ये सुविधाएं



**भोपाल, यशभारत।** भारतीय रेवले की तस्वीर बदलने के लिए जहां एक तरफ सरकार ने वंदे भारत ट्रेनकी शुरूआत कर यात्रियों को सफर की बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया है, तो वहीं अब देश के रेलवे स्टेशन की तस्वीर को भी बदलने का कार्य किया जा रहा है। जहां यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं का विस्तार भी सरकार कर रही है। इसके लिए सरकार ने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर उन्हे स्मार्ट बनाया जा रहा है और बेहतर सुविधाएं दी जा रही है। मप्र में भी इस योजना के तहत कई रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जाना है। हाल ही में शहडोल रेलवे स्टेशन को भी अमृत भारत योजना में शामिल किया गया है। जिसके तहत रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

### क्या है योजना?

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत सोनपुर मंडल के 18 स्टेशन और समस्तीपुर मंडल के 20 स्टेशन का सहित देश के 1275 स्टेशन का चयन किया गया है।

क्या होगी सुविधाएं?

अमृतभारत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएगी। जिसमें वेटिंग हाल, फ्री वाई फाई, कियोस्क जैसी सुविधाओं को शामिल किया गया है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर में होगा बदलाव

यात्री सुविधाओं के साथ ही इस योजना के तहत रेलवे स्टेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर में भी बदलाव लिया जाएगा और इसे दिव्यांगों और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा।

### इन सुविधाओं का होगा विस्तार

- स्टेशन पहुंच मार्ग
- सर्कुलेटिंग एरिया
- वेटिंग हॉल
- शौचालय
- आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर

### मुफ्त वाई-फाई

स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधा बता दे कि इन सभी सुविधाओं के लिए मास्?टर प्?लान तैयार कर अलगज्अलग चरणों में इनका विस्?तार किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए च्एक स्टेशन एक उत्पादज् जैसी योजनाएं भी बनाई जाएगी।

# नौरादेही अभ्यारण में शिकारियों की घुसपैठ रोकने ऑपरेशन मानसून शुरू



**तेंदूखेड़ा, यशभारत।** नौरादेही अभ्यारण में मानसून सीजन में एक जुलाई से 30 सितंबर तक पर्यटन के लिए बंद रहता है। इसके बाद एक अक्टूबर से पर्यटन शुरू होता है। इस सीजन में जंगल और वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन मानसून चलाया जाता है। विगत एक माह से नौरादेही में ऑपरेशन मानसून चलाया जा रहा है। यहां जंगल के चप्पे-चप्पे पर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नजर बनाए हुए हैं। संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है। चूंकि बारिश के कारण मार्ग जर्जर हो जाते हैं और जंगल में घनी झाड़ियां बढ़ जाती। दुर्गम स्थानों पर वाहनों से नहीं जाया जा सकता है। इस स्थिति में वन्य प्राणियों के शिकार, अवैध कटाई, अतिक्रमण और अवैध चराई की आशंका बढ़ जाती। साथ ही शिकारियों का भी खतरा रहता है। नौरादेही अभ्यारण में वन्य प्राणियों और उनके आवास की सुरक्षा के लिए नौरादेही प्रबंधन के द्वारा आपरेशन मानसून एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। जिससे जंगल में बाहरी और शिकारियों की घुसपैठ को रोका जा सके। बता दें कि नौरादेही अभ्यारण्य शुरू से ही शिकारियों व लकड़ी तस्करों के निशाने पर रहा है। अभ्यारण्य के भीतर इस तरह की गतिविधियां संचालित होने के मामले आए दिन सामने आ जाते हैं। अभयारण्य प्रबंधन का कहना है कि अवैध गतिविधि रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।



## बरेला में बारिश के कारण गिरी प्राथमिक कन्या शाला की बिल्डिंग एवं सुलभ शौचालय की सीलिंग

बरेला, यशभारत। अनवरत हो रही बारिश के कारण खस्ता हाल हो चुके इमारतों के गिरने का क्रम जारी है. गुरुवार को थाने के पास स्थित प्राथमिक कन्या शाला की जर्जर हो चुकी इमारत भरभरा कर गिर गई यह तो शुक्र है कि जब इमारत गिरी उस समय उसके आसपास कोई व्यक्ति नहीं था अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था ।विदित हो कि इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पहले ही. बस स्टैंड स्थित कन्या शाला में शिफ्ट किया जा चुका। इसी प्रकार शुक्रवार को शाम 5ः00 बजे सुलभ शौचालय की सीलिंग. भर भरा कर गिर गई। गेट के पास खड़े हुए युवक परिंकू चौधरी सीलिंग करने से सिर पर चोट आ गई। घायल हुए युवक रिंकू चौधरी उम्र. 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर ने बताया कि . वह सुलभ शौचालय में पेशाब करने आया हुआ था तथा उसके पश्चात वारिश के कारण थोड़ी देर के लिएरुका हुआथा की बस सीलिंग भरा भरा कर उसके सर पर गिर गई. घायल हुए युवक की स्थिति ठीकहै।

## » न्यूज गैलरी

### हिरण नदी उफान पर, किसानों की फसलें हो रहीं बर्बाद



**कटंगी, यशभारत।** पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से हिरण नदी उफान पर है जिसके बाद आसपास के सभी इलाकों में पानी पानी हो गया है। क्षेत्रीय ग्रामीणों की सैंकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि उनके लिए ये बारिश मुसीबत का सबब बनकर आई है। जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। किसानों ने प्रशासन से राहत राशि की मांग भी की हैजिससे उनकी मदद हो सके। उधर हिरण नदी उफान पर आने से यातायात भी प्रभावित हुआ है।

### पानी के बीच फंसे लोगों को राहत देने पहुंचे कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव



**पनागर,** यशभारत। लगातार हो रही बारिश से हिरण नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद ग्राम सिंगलदीप के पास और अंधुआ व नर्मदा किनारे फंसे लोगों को राहत देने पनागर के कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव पहुंचे। इस दौरान विनोद श्रीवास्तव ने लोगों को खाने पीने का राशन, शॉल और कपड़े दिए और हर संभन मदद करने का वादा किया जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव के प्रति आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि हिरण नदी के जलस्तर बढ़ने से कई लोग नर्मदा किनारे और अंधुआ गांव में फंसे हैं जिन्हें एसडीईआरएफ की टीम द्वारा तत्काल बाहर निकाला गया और फिर राहत सामग्री प्रदान की गई।

### नगर पालिका ने नई पहल कर गब्बरसिंह के लगाए पोस्टर




**गोटेगांव।** स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा भारत के प्रधानमंत्री मा.नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत नगर नगर गांव गांव को स्वच्छ व विकासशील बनाने के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रेरित किया जा रहा हैकि अपने नगर को स्वच्छ साफ और सुंदर बनाए ताकि आने वाली बड़ी बीमारियों से भी बचा जा सके इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद ने एक पहल कर शोले फिल्म के किरदारों के पोस्टरों को संपूर्ण नगर में लगवा कर नगर वासियों से अपने नगर को स्वच्छ साफ सुंदर बनाने हेतु अपील की है इन पोस्टरों में परिषद ने नागरिकों को जागरूक करने के लिए शोले फिल्म के डायलॉगों को उल्लेखित कर दर्शाया हैकि जमाने में मशहूर डाकू गब्बरसिंह जो अपने साथी सांभा से कहता है ÷अरे ओ सांभा कितना चालान रखे हैं नगर पालिका गंदगी फैलाने पर, तब सांभा कहता है सरदार पूरे एक हजार रुपए का जुर्माना रखा है सरदार तब गब्बर सिंह कहता हैकि बुहुताई ज्यादा है अब गंदगी नाही फैलाना है,नगरपालिका परिषद द्वारा नगर को गंदगी के बचाव हेतु शोले फिल्म के किरदारों के माध्यम से नगर वासियों को गंदगी न फैलाने का संदेश देने के लिए शहर भर में फ्लेक्स लगाकर जागरूक करने का प्रयास करने के साथ ही शहर वासियों से अपने शहर को साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है।

### अशोक खरे का निधन



**बरेला।** नगर वार्ड क्र.2 व्योहारी चौक निवासी श्री अशोक खरे का हृदय गति रुकने से देहांत हो गया है आप प्रहलाद खरे के छोटे भाई थे जिनका अंतिम संस्कार मुक्ति धाम लोकसागर तालाब में सम्पन्न हुई।

## हिरन नही के पुल पर 7फीट तक पानी दो दिन से मार्ग बंद



**तेंदूखेड़ा!**-लगातार हो रही बारिश के चलते नगर एवं ग्रामों में लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सैकड़ों घरो में पानी भर गया है। शुक्रवार को बारिश का दौर कम होने से लोगों को कुछ राहत मिली। लेकिन तीन दिनों से पठाघाट के पुल पर 7 फीट पानी होने के कारण जामुनखेड़ा सहित 18 गांव के लोगों का संपर्क नगर से टूट गया है। तेंदूखेड़ा से जबलपुर जाने वाले लोग भी जबलपुर नहीं पहुंच पा रहे हैं। क्योंकि पाटन के पास हिरन नदीं का पुल बरगी डेम के 15 गेट खुल जाने के कारण डूबा हुआ है। पुल पर लगभग 8 फीट पानी है जो बढ़ता ही जा रहा है। जबलपुर से तेंदूखेड़ा आने वाले लोग भी जबलपुर में फंसे हुए हैं। इसके अलावा नगर से लगभग 30 किमी दूर सिद्ध हनुमान मठ दोनी के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में लोग हनुमान जी के दर्शन लगभग 60 से 70 फीट की दूरी से कर रहे हैं। मंदिर के प्रांगण में लगभग 3 से 4 फीट पानी भर गया है। जिस कारण श्रद्धालु मंदिर के पास नहीं पहुंच पा रहे हैं। पूर्व सरपंच रघुनाथ यादव ने बताया कि पहली बार उन्होंने मंदिर 5 के अंदर इतना पानी देखा है पवनसुत की मूर्ति लगभग 4 फुट डूबी हुई थी यह क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र है और वनांचल में स्थित है यहां पर काफी संख्या में भक्तगण मंगलवार और शनिवार को पहुंचते हैं। इसके पहले 29 अगस्त 4 2018 में भी इस मंदिर में पानी भर गया था।

## आज श्री शिव महापुराण के आयोजन में नगर में निकली बारात



**पनागर, यशभारत।** नगर के विद्यासागर वार्ड स्थित नामदेव मोहल्ला में 8 दिवसीय श्री शिव महापुराण अमर कथा एवं पार्थिव पूजन का आयोजन किया जा रहा है नामदेव भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कथा व्यास पंडित श्री जगदीश जी तिवारी छिंदवाड़ा द्वारा बहुत ही मनमोहक कथा प्रस्तुत की जा रही है जिसमें रुद्राभिषेक सुबह 9से 11 तक एवं शिव महापुराण 3बजे से शाम 6बजे तक आयोजित हो रहा है आज इसी तारतम में भगवान श्री शिव जी की बारात नगर में निकाली गई धर्म प्रेमी जन माताएं बहने सम्मिलित हुए सभी लोग बैंड बाजा एवं भगवान की झांकी के समक्ष नृत्य करते हुए चल रहे थे इस अवसर पर नगर के गणमान्य जन प्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे आयोजन समिति ने सभी लोगों से उपस्थिति की अपील की है

## स्वर्ण जयंती महोत्सव पर कृषि उपज मंडी सिहोरा में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**सिहोरा , यशभारत।** मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के स्थापना दिवस के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस को स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में 2 से 4 अगस्त तक स्वर्ण जयंती महोत्सव के अंतर्गत कृषि उपज मंडी प्रांगण सिहोरा में मनाया गया जिसमें अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम पदमाकर तिवारी किसान मोर्चा जिला मंत्री की अध्यक्षता में एवं मुख्य अतिथि नगर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी, अनुपम सराफ,माधव मिश्रा,मुकेश पटैल कृषक,भूरे लाल पटैल, कृषक,राजा ठाकुर किसान मोर्चा जिला महामंत्री,रमेश पटैल भारतीय किसान यूनियन,सुबोध पाण्डे संरक्षक भारतीय कृषक समाज संघ,सुबोध दुबे किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष, रामगोपाल पटेल, शंशाक पांडे रहे जबकि अशोक दुबे सेवानिवृत्त सचिव, उमाकांत ज्योतिषि सेवानिवृत्त मुख्य लिपिक,दिलीप जौहरवानी अध्यक्ष अनाज व्यापारी कल्याण संघ के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों एवं माननीय कृषक संघ के सदस्यों आदि का स्वागत पुष्पाहार से किया गया। तत्पश्चात श्रीमति सविता धुर्वे सचिव कृषि उपज मंडी समिति सिहोरा द्वारा मंडी की स्थापना दिवस से वर्तमान तक की समस्त उपलब्धियों से अवगत कराया गया। तत्पश्चात मंडी के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारी, तुलावटी, हम्मालों एवं मंडी में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया साथ ही विशिष्ट अतिथि मुख्य अतिथि कृषक एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों, मंडी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मंडी नीलामी तौल कार्य के पश्चात संगीत कुर्सी दौड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कर्मचारी,किसान, हम्माल एवं तुलावटी द्वारा भाग लिया गया, जिसमें मंडी कर्मचारी पुष्पलता सिंह परिहार सहायक उपनिरीक्षक एवं अंकुश चौरसिया तुलावटी विजेता रहे विजेताओं को सचिव महोदय द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया है । इसी कड़ी में 4 अगस्त को स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक मंडी प्रांगण में किया गया है। जिसमें मंडी क्षेत्रांतर्गत सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील है कि उक्त आयोजन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ परीक्षण शिविर का लाभ उठाया ।आयोजन को सफल में मंडी सचिव सविता धुर्वे, इंजीनियर लोकेश श्रीवास्तव,दिनेश लोखंडे, ऋतुराज तिवारी, रामरूद्र तिवारी, अभय दुबे, मनीष उपाध्याय, अजीत तिवारी,मनोज कोरी अनीश कुमार, संतोष सिंह, कुमारी इंदुलता, श्रीमती दुर्गेश नंदिनी, श्री दुर्गा प्रसाद पटेल आदि सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।



## अच्छे वातावरण में रहो ताकि हममें अच्छी बातों का बना रहे अभ्यास-शंकराचार्य

**गोटेगांव, यशभारत।** धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में परमाराध्य परमधर्माधीशउत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमपूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी ने अपनी अमृत मय वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहाकि जीवन के अन्तिम समय में मनुष्य की जैसी मति होती है वैसी ही गति उसकी हो जाती है यदि हमने जीवन के अन्त में भगवान् का स्मरण किया तो हमें अच्छी गति प्राप्त होगी और यदि किसी दूसरे का स्मरण किया तो हमें दूसरे जन्म में वही बनकर जन्म लेना पड़ेगा आगे पूज्य शंकराचार्य जी ने कहाकि जिन बातों का अभ्यास हम जीवन भर करते हैं अन्त समय में हमारी बुद्धि भी वैसी ही हो जाती है इसीलिए यह कहा गया हैकि अच्छे वातावरण में रहें जिससे हममें अच्छी बातों का ही अभ्यास बना रहे आगे कहा कि राजा और संन्यासी का धर्म बडा कठिन होता है सामान्य व्यक्ति को यदि किसी को सम्मान देना चाहे हो तो बडी आसानी से अपने आसन से उठकर उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित कर सकता है लेकिन राजा और संन्यासी को मर्यादा में रहकर ही सम्मान प्रदर्शित करना होता है पूज्य पाद शंकराचार्य जी के प्रवचन के पूर्व जैसे ही परमपूज्य ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वतीजी महाराज पंडाल पर पहुंचे वैसेही संस्कृत विद्या पीठ गुरुकुल के छात्रों के द्वारा हर हर महादेव एवं जय गुरुदेव की जय हो के साथही पूज्य शंकराचार्य महाराज का स्वागत करने के पश्चात पूज्य शंकराचार्य महाराज ने ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य महाराजश्री के तैलचित्र के समक्ष पूजन अर्चन कर व्यासपीठ पर बैठे श्रीमद भागवत कथा के यजमान कृष्णगोपाल पाठक श्रीमति वंदनापाठक,संजय पाठक श्रीमति प्रतिभापाठक भोपाल) मोहित चौरसिया,श्रीमति सरोज चौरसिया (छिंदवाड़ा) ने पादुका पूजन कर पूज्य महाराजाश्री का आशीर्वाद लिया मंच पर शाम्भवी नेमा ने गंगाजी की वंदना अछत शुक्ला ने भजनो की प्रस्तुति दी इनके साथही गुरुकुल संस्कृत विद्या पीठ के श्रेयांश शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति की मंच पर प्रमुख रूप से शंकराचार्य महाराज के निजी सचिव चातुर्मास्य समारोह समिति अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्दजी ज्योतिष्पीठ पं.आचार्य रविशंकरद्विवेदी शास्त्रीजी गुरुकुल संस्कृत विद्यालय उपप्राचार्य पं.राजेन्द्र शास्त्रीजी ब्रह्मचारी निर्विकल्पस्वरूप जी दंडी स्वामी श्री अमरिसानन्दजी,ब्रह्मचारी राघवानंद जी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए मंच का संयोजनअरविन्द मिश्र एवं संचालन ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानन्द जी ने किया धर्मसभा में परमहंसी गंगा आश्रम व्यवस्थापक सुंदर पांडे पंडित आनंद तिवारी अन्नूभैया सोहन तिवारी सुनील शर्मा रघुवीरप्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारी राकेश नेमा आशीष तिवारी नीलमणि पटैल केजरीवाल परम पटैल लक्ष्मीठाकुर बद्री चौकसे नारायण गुप्ता जगदीश तिवारी अरविंद पटैल अजय विश्वकर्मा,कपिल नायक सहित सभी श्रद्धालुबंधुओं व गुरुभक्तों ने बड़ी संख्या में श्रीमद भागवत पुराण कथा में उपस्थित होकर कथा का रसपान कर अपने मानव जीवन को धन्य बनाकर भागवत भगवान की कथा आरती उपरांत महाभोग प्रसाद ग्रहण किया चातुर्मास्य के अवसर पर पूज्य शंकराचार्यजी महाराज का गीता पर प्रवचन प्रातः7.30 से 8.30 बजे तक भगवती राजराजेश्वरी मन्दिर में होता होता है



## कलेक्टर ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर गोटेगांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने विधानसभा चुनाव-2023 के मद्देनजर नरसिंहपुर विधानसभा के ग्राम कठौतिया और इमलिया एवं तेंदुखेड़ा विधानसभा के ग्राम लोलरी, देवरी एवं गुटोरी के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कठौतिया मतदान केन्द्र पर मौजूद बीएलओ से मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के जोड़े गये नाम एवं मृत मतदाताओं के नाम हटाये जाने की जानकारी ली। बीएलओ श्री गोपाल सिंह पटैल द्वारा मतदाता सूची का कार्य ठीक से नहीं किये जाने पर मानदेय काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने कहा कि मतदाता सूची त्रुटिरहित बनाने पर विशेष फोकस हो। इसके लिए बीएलओ डोर टू डोर सर्वे कार्य करे।80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का सत्यापन करें। नवविवाहित महिलाओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल हो।मतदान केन्द्र व्यवस्थित रूप से हो। जिन पुराने मतदान केन्द्रो को बदलने की आवश्यकता है।

## हिमालय की चोटी में फहराया तिरंगा

### बढ़ाया पनागर का गौरव



**पनागर, यशभारत।** नगर की युवा खिलाड़ी रागिनी वर्मा का चयन माउंटेनियरिंग कोर्स के लिए अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एण्ड एलाइट स्पोर्टस, मनाली (हिमाचल प्रदेश) में हुआ था। जहाँ विभिन्न राज्यों माउंटेनरस आये थे। जिसमें 113 लोग थे। जिसमे 97 बॉयज व 16 गर्ल्स माउंटेनर्स से थे। रागिनी वर्मा ने बताया कि इस कोर्स में उन्हें लीडर बनने को मौका मिला। हिमाचल में खराब मौसम व रॉक फॉल होने के बावजूद अपनी ट्रेनिंग जारी रखी, जिसमें उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। अपनी टीम के साथ सभी परेशानियों का सामना करते हुये उन्होंने सेतिधार सबमिट कैंप, 15,700 फीट की ऊँचाई पर तिरंगा लहराया और नगर का नाम रोशन किया। वे इसके साथ ही एक हृष्ट कैडेट और कराते प्लेयर भी है। वे नगर के शिवाजी वार्ड स्थित प्रतिष्ठित वर्मा परिवार की मुकेश वर्मा दुर्गा वर्मा की बेटी हैं।

## नर्मदा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण ग्रामीणों को किया सतर्क

**गोटेगांव , यशभारत**समीपवर्ती झांसीघाट स्थित जगत जननी मां नर्मदाजी का जलस्तर विगत 48 घंटों से तेज भीषण मूसला धार बारिश एवं रानी अवंतीबाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जल स्तर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से बांध पर बने हुए 21 गेटों में से 15 गेटों को खोले जाने की वजह से मां नर्मदा नदी का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है बढ़ते हुए जलस्तर की वजह से नर्मदाजी पर बने हुए पुल के लगभग 5 फुट नीचे से पानी बह रहा है अगर इसी तरह बारिश होती रही तो जल स्तर बढ़कर शीघ्र पानी पुल के ऊपर से बहने की वजह से झांसीघाट सहित समस्त घाटो के आसपास स्थित ग्रामीण क्षेत्रों मे पानी भरने की संभावना को देखते हुए रहने वाले नागरिकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों बचाने के लिए प्रशासन ने नर्मदाजी के आसपास रहने वाले नागरिकों से जलस्तर बढ़ने के पूर्व सतर्क रहकर सुरक्षित व्यवस्थित स्थानों पर गृहस्थी की कीमती सामग्री एवं परिवारजनों को लेकर पहुंचने की अपील करने के साथ ही प्रशासन किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए समुचित व्यवस्थाओं की तैयारी में जोर शोर से जुटा हुआ है।

# जबेरा विधानसभा में हर बार जातिगत आधार पर दिया जाता है टिकट

### विधायक का रिपोर्ट कार्ड जबेरा विधानसभा सीट

**तेन्दूखेड़ा/दमोह, यशभारत।** मप्र के दमोह जिले की जबेरा विधानसभा सीट की सियासत जातीय समीकरण के इर्द गिर्द घूमती है। चुनाव में दोनों प्रमुख दल जातीय समीकरण को ध्यान मे रखते हुए बाहुल्य समाज के चेहरे को चुनाव में उतारने के मूड़ में होती है। क्षेत्र में एससी, एसटी और लोधी मतदाताओं की संख्या अधिक है, इसलिए पार्टियां इसी वर्ग से उम्मीदवार को चुनावी दंगल में उतारने की कोशिश करती है। इस सीट की एक कहावत अभी भी प्रचलित है कि ईसाई समुदाय के कम वोट होने के बावजूद भी रत्नेशसॉलोमन 15 साल तक विधायक और मंत्री रहे। जबेरा विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक धर्मेंद्रसिंह लोधी के बाद जिला भाजपा उपाध्यक्ष विनोद राय आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। लंबे समय से क्षेत्र में समाजसेवा के कार्य कर रहे विनोद राय की राजनीतिक महत्वाकांक्षा आसमान छू रही है। धार्मिक और सामाजिक क्षेत्रों में विनोद राय की बढ़ रही सक्रियता और राजनीतिक प्रभाव के कारण वर्तमान विधायक धर्मेंद्रसिंह की टिकट पर भी खतरे के बादल मंडराने लगे हैं क्योंकि क्षेत्र में धर्मेंद्र सिंह के बाद आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की टिकट के प्रबल दावेदार विनोद राय ही माने जा रहे हैं, हालांकि जबेरा विधानसभा क्षेत्र लोधी बहुल होने के कारण जातिगत समीकरणों में धर्मेंद्र सिंह पहले नंबर पर आते हैं, लेकिन विनोद राय के सहज स्वभाव और समाजसेवी कार्यों से उनका कद भी लगातार बढ़ रहा है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी टिकट की दावेदारी को मजबूती प्रदान करता है।

जबेरा विधानसभा सीट का इतिहास बड़ा ही रोचक रहा है। 66 वर्ष के इतिहास में तीन बार 1952, 1957, 2007 में जबेरा विधानसभा का नाम बदला गया। सबसे पहले 1952 में हुए विधानसभा चुनाव में तेंदूखेड़ा विधानसभा के नाम से, उसके पांच वर्ष बाद 1957 के विधानसभा चुनाव में नोहटा विधानसभा क्षेत्र के नाम से चुनाव हुआ, इसके अलावा 2007 में परिसीमन होने पर नोहटा का नाम जबेरा विधानसभा क्षेत्र हो गया। जबेरा सीट पर चुनाव जातियों के बीच होते हुए दिखाई देता है। यहां एससी, एसटी और लोधी समाज चुनाव में निर्णायक भूमिका में होते है। जबेरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 2008 में अस्तित्व में आया। परिसीमन से पहले, इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र तत्कालीन नोहटा निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा था जिसे 2008 में समाप्त कर दिया गया था।



**पांच चुनावों में किसके पास रही सीट**

2018- धर्मेन्द्र लोधी-भाजपा
2013- प्रताप सिंह लोधी- कांग्रेस
2011-दशरथ सिंह लोधी-भाजपा
2008- रत्नेश सालोमन-कांग्रेस
2004- दशरथ सिंह लोधी-भाजपा

पांच चुनावों में इन्हें मिली हार
(1)-प्रताप सिंह लोधी- कांग्रेस
(2) -दशरथ सिंह लोध- भाजपा
(3) -तान्या सालोमन-कांग्रेस
(4) -दशरथ सिंह लोधी-भाजपा
(5)-रत्नेश सालोमन-कांग्रेस

धर्मेन्द्र सिंह लोधी विधायक जबेरा
प्रताप सिंह लोधी पूर्व विधायक कांग्रेस जबेरा
विनोद राय जिला उपाध्यक्ष भाजपा और समाजसेवी



### महंगाई से परेशान आम जनता

जबेरा विधानसभा क्षेत्र में दाखिल हुए तो डूंगर ग्राम पंचायत के ग्रामीण पुरुषोत्तम विश्वकर्मा से सबसे पहला साक्षात्कार हुआ। इसमें उज्ज्वला योजना की बात निकली तो वे मुस्कुराते हुए बोले, मुफ्त गैस कनेक्शन देने से क्या होता है ? सिलेंडर भी तो चाहिए न । 1125 रुपए में सिलेंडर मिलता है। इतना पैसा कहां से लाएं और कितनी बार लाएं? इसलिए जंगल से लकडियां बीनकर चूल्हा जलाते हैं ।इ कुम्हारी से 18 किमी दूर जबेरा विधानसभा क्षेत्र के सगरा गांव के राजेंद्र यादव ने बिजली की किल्लत बताई। बोले, गांव में बिजली आ जाए यह किस्मत की बात होती है। डीपी दूर लगी है और केबल नहीं डली। कई दिन से अंधेरे में ग्रामीण रह रहे हैं ।इ रीछई के मूरत आदिवासी का कहना था, पीने के पानी के लिए पाइपलाइन बिछाई गई है, लेकिन पानी बिजली आने पर ही मिल पाता है। गांव की आधे से ज्यादा आबादी दूर से पानी भरने को मजबूर है। माला बाम्होरी, बनवार, रोड, सिमरी, घाट बम्होरी, चिलौद गांव के लोगों ने गांव में रोजगार के अवसर नहीं होने की बात कही।

### 15 साल मंत्री-विधायक रहे सालोमन

1957 से दो पंचवर्षीय तक कुंजबिहारी गुरु जबेरा (नोहटा ) विधानसभा से विधायक रहे, इसके बाद एक पंचवर्षीय नेकनारायण सिंह, नरेंद्र सिंह 1980 के दशक कांग्रेस से विधायक रहे। इसके बाद 1990 में कांग्रेस की परंपरागत सीट से कांग्रेस की टिकट नहीं मिलने से निर्दलीय ढाल तलवार से स्व. रत्नेश ने जबेरा (नोहटा ) चुनाव लड़ा। जिसका कांग्रेस को जबरदस्त नुकसान हुआ और परंपरागत सीट पर तीसरे नंबर पर रहते हुए निर्दलीय रत्नेश सॉलोमन दूसरे नंबर पर रहे बीजेपी का खाता खुलवाने में सहायक बनते हुए बीजेपी के बुग्गे भैया ( ओम प्रकाश राय ) चुनाव जीत गए। और 1990 से 93 तक बुग्गे भैया विधायक रहे। इसके बाद पुनः रत्नेश सालोमन 1993 से 2003 तक कांग्रेस से विधायक रहते हुए दिग्विजय सरकार में मंत्री रहते हुए नेतृत्व दिया। फिर भाजपा ने जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए चंद्रभान सिंह को जबेरा से विधानसभा का टिकट देकर कांग्रेस के अभेद किला के रूप रत्नेश सालोमन को हराने कामयाब हुए, लेकिन लोकसभा चुनाव में चंद्रभान को दमोह लोकसभा का टिकट देकर दिल्ली भेजने पर खाली हुई जबेरा विधानसभा में उपचुनाव हुआ। भाजपा से दशरथ सिंह चुनाव मैदान में थे, लेकिन पुनः रत्नेश सालोमन ने दशरथ सिंह को मात देते हए अपनी सीट पर कब्जा में करने में सफल हो गए। इसके बाद दोनों पार्टियों में जबेरा लोधीवाद के समीकरण को ध्यान में रखते हुए 2013 के आम चुनाव में कांग्रेस से प्रताप सिंह लोधी भाजपा से दशरथ सिंह लोधी को टिकिट देकर चुनाव मैदान में उतारा गया। कांग्रेस के प्रताप सिंह ने भाजपा के दशरथ सिंह से यह सीट छीनते हुए हुए विजय प्राप्त की । अब पुनः जातिगत समीकरणों के इर्द गिर्द जबेरा विधानसभा का भविष्य घूम रहा है

### डिसाइडिंग फैक्टर

जबेरा विधानसभा क्षेत्र में लोधी बाहुल्य इस क्षेत्र को जातीय आधार पर नेतृत्व भी प्राप्त है। परंतु अन्य जाति से यदि कोई प्रभावी नेता सामने आ जाए तो समीकरण बदल सकते हैं। यहां ऐसे स्थान भी है जहां वर्षो से अस्पताल, उच्च शिक्षा, भूमि, बिजली सबंधी कामों के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ती है। ग्राम पंचायतों में गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादित करें तो बदलाव हो सकता है।

## डॉक्टर फरीद खान बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष



**कुंडम, यशभारत।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर पाठक एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ ब्रजनंदन गिरी गोस्वामी की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 102 के अंतर्गत कुंडम ब्लॉक अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ के पद पर डॉक्टर फरीद की नियुक्ति की जाती है इनकी नियुक्ति पर जमुना मरावी, नन्हे लाल धुर्वे पूर्व विधायक, डॉ संजीव बरकड़े एकता ठाकुर मुन्ना मरावी, संतोष मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष भवानी साहू , अरविंद साहू, विपिन जायसवाल, प्रहलाद झारिया आशीष मिश्रा ,रजनीश जायसवाल , राजकुमार साहू, मनीष सोनी , कपिल मार्को, दीपेंद्र मरकाम , धरम मरावी विवेक जायसवाल, आशीष मिश्रा , अमित साहू हल्के पटवा शुभम साहू, संजय यादव, रिंकू साहू, सहित समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हर्ष व्यक्त किया है एवं शुभकामनाएं दी।

# RCB ने एंडी फ्लावर को बनाया कोच माइक हेसन-संजय बांगड़ की छुट्टी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को बीते 16 सीजन से अपने पहले खिताब का इंतजार है. इस बार उसने टी20 टीम के वर्ल्ड कर चैम्पियन कोच को अपना कोच बनाया है. क्या फ्लावर दिला पाएंगे पहला खिताब! बीते 16 साल से अपने पहले खिताब का इंतजार कर रही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने इस लीग के 17वें सीजन के लिए जिम्बाब्वे के पूर्व क्रिकेटर और इंग्लैंड के पूर्व कोच एंडी फ्लावर को अपना नया कोच नियुक्त किया है. साल 2023 में आरसीबी की टीम प्लेऑफ में भी क्वॉलीफाई नहीं कर पाई थी. लेकिन नए सीजन के लिए टीम ने एंडी पर भरोसा जताया है. इन दिनों टीम की कमान साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसिस संभाल रहे हैं. एडी और डुप्लेसिस की जोड़ी पहले ही कैरेबियन प्रीमियर लीग में एक साथ काम कर चुकी है. ये दोनों पहले सेंट लूसिया किंग्स का हिस्सा थे. इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम में माइक हेसन डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका में थे, जबकि संजय बांगड़ टीम के हेड कोच का रोल निभा रहे थे. इस बार इस मशहूर आईपीएल फ्रैंचाइजी ने इन दोनों का कॉन्ट्रैक्ट आगे नहीं बढ़ाया. 55 वर्षीय एंडी फ्लावर इससे पहले आईपीएल में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के भी कोच रह चुके हैं. फ्लावर पिछले सीजन जायंट्स के कोच थे, जो अब जस्टिन लैंगर को अपना नया कोच नियुक्त किया है.आरसीबी ने अपने नए कोच की घोषणा करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्वीटर पर लिखा, 'हम आईसीसी हॉल ऑफ फेमर और टी20 वर्ल्ड कप विजेता कोच एंडी फ्लावर का बतौर ऋष्क्क हेड कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद रोमांचित हैं.' उसने आगे लिखा, 'एंडी को आईपीएल और दुनिया भर की टी20 टीमों की कोचिंग का अनुभव है. और उन्होंने क्करु ढ्ढरु20, द हंड्रेड और आबूधाबी टी10 में अपनी टीमों को अपनी कोचिंग में खिताब जितवाए हैं. उनका यह अनुभव और चैम्पियनशिप सोच ऋष्क्क के प्लेबोल्ड खेलने की फिलॉस्फी को आगे बढ़ाएगी.' बता दें साल 2010 में इंग्लैंड ने पहली बार आईसीसी ट्रॉफी जीती थी. वह टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के मुख्च कोच थे. जिम्बाब्वे के इस पूर्व कप्तान ने पाकिस्तान सुपर लीग में खिताब जीतने वाली मुलतान सुलतान की भी कोचिंग की है. इसके साथ ही आईएलटी20 में गल्फ जायंट्स और पुरुष हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स टीम को भी चैंपियन बनाया है. फ्लावर की कोचिंग में सेंट लूसिया की टीम दो बार सीपीएल के फाइनल में पहुंची है।

## हार्दिक पांड्या और राहुल द्रविड़ ने की युजवेंद्र को बैटिंग से रोकने की कोशिश, अंपायर को देना पड़ा दखल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20मैच में भारत को आखिरी ओवर में 10 रन की दरकार थी. यहां कुलदीप यादव बोल्ड हुए तो युजवेंद्र चहल को कैप्टन और कोच बैटिंग पर भेजना नहीं चाह रहे थे लेकिन... वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए पहले टी20 मैच में भारत को 4 रन से हार का सामना करना पड़ा. एक वक्त टीम इंडिया जीत के करीब दिख रही थी, लेकिन जैसे ही वेस्टइंडीज ने पारी के 16वें ओवर में हार्दिक पांड्या (19) और संजू सैमसन (12) के विकेट निकाले तो उसकी वापसी हो गई. आखिरी विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में उतरे अक्षर पटेल (13) भी 19वें ओवर में चलते बने और टीम इंडिया मुश्किल में फंस गई. अंतिम ओवरों में अर्शदीप सिंह ने लगातार 2 चौके जड़कर भारत को जीत की उम्मीद जगाई थी लेकिन वह भी ऐसा नहीं कर पाए. इस बीच इस मैच में एक रोमांचक किस्सा भी देखने को मिला. दरअसल पारी के 20वें ओवर की पहली ही गेंद पर कुलदीप यादव (3) बोल्ड हो गए. यह टीम इंडिया को 8वां झटका था.

यहां से नंबर 10 पर लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल बैटिंग पर उतर रहे थे. लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या और कोच राहुल द्रविड़ को लगा कि नहीं चहल से पहले यहां मुकेश कुमार को मौका दिया जा सकता है, जो इस मैच में अपना डेब्यू कर रहे हैं. लेकिन यह सब अचानक हुआ था तो चहल को यह मालूम नहीं चला कि टीम का थिंक टैंक फिलहाल बैटिंग पर उन्हें नहीं बल्कि मुकेश को भेजना चाह रहा है. और वह कुलदीप के आउट होते ही क्रीज की ओर चल पड़े।

# तमीम इकबाल ने छोड़ी वनडे टीम की कप्तानी, एशिया कप में भी नहीं खेलेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करने वाले तमीम इकबाल प्रधानमंत्री शेख हसीना के समझाने के बाद संन्यास का अपना फैसला भले वापस ले लिया हो. लेकिन अब उन्होंने वनडे टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है. उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड नजमुल हुसैन के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह ऐलान किया. दरअसल 34 वर्षीय तमीम इन दिनों अपनी पीठ की तकलीफ से जूझ रहे हैं और वह इस कड़ी में अपना वर्कलोड मैनेजमेंट कम करना चाहते हैं. इसलिए उन्होंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है. उनकी पीठ की यह समस्या गंभीर हो रही है और वनडे वर्ल्ड कप से पहले इसे दुरुस्त करने के लिए उन्होंने एशिया कप से भी अपना नाम वापस ले लिया है.

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस ने तमीम ने बताया, 'जैसा कि आप सभी जानते हैं कि मेरी जलाल भाई (जलाल यूनुस) और पापोन भाई (नजमुल हसन) से साथ एक खास मीटिंग हुई है. हमने इस मीटिंग में यह चर्चा की थी कि आगे क्या होना है. मैं आज बांग्लादेश की वनडे टीम से अपनी कप्तानी छोड़ रहा हूं. मैंने इंजेक्शन लिए हैं लेकिन ये ट्रीटमेंट लगभग फेल हुए हैं. मैंने अपनी समस्याओं के बारे में बात की है. और मैंने हमेशा टीम के बारे में पहले सोचा है.' उन्होंने कहा, 'इस वक्त कप्तानी छोड़ना सबसे अच्छी चीज होगी. मैंने इस विषय पर प्रधानमंत्री से भी बात की थी और उन्हें अपना मैसेज दिया और उन्होंने मुझे सब कुछ बहुत ही अच्छी तरह से समझाया था. खास बात यह है कि टीम की भलाई के लिए मेरा कप्तानी छोड़ना बेहतर है और अब मैं मौका मिलने पर बतौर खिलाड़ी टीम में अपना बेस्ट देने की कोशिश करूंगा.' तमीम ने यहां यह भी साफ किया कि इस चोट के साथ एशिया कप खेलने का कोई मतलब नहीं है और इसलिए वह इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे. तमीम का लक्ष्य अब वनडे वर्ल्ड कप तक खुद को फिट बनाना है ताकि वह टीम के लिए अपनी भूमिका निभा सकें. वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे लेकिन वह वनडे वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज तक खुद को फिट करना चाहेंगे, ताकि वर्ल्ड कप से पहले वह अपनी फॉर्म और फिटनेस को बखूबी परख सकें.

# वेस्टइंडीज से हारकर दुखी नहीं हैं कप्तान हार्दिक पांड्या बोले- टीम युवा है गलतियां करेगी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20में 4 रन से हार गई. एक समय वह मजबूत स्थिति में थी लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या इससे दुखी या चिंतित नहीं हैं. उन्होंने कहा कि यह टीम युवा है और ऐसी गलतियां हो जाती हैं. वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच में भारत को 4 रन से हार का सामना करना पड़ा. भारतीय टीम को मेजबान टीम ने 150 रनों की चुनौती दी थी, जिसके जवाब में वह 9 विकेट गंवाकर 145 रन ही बना पाई. एक वक्त टीम इंडिया इस लक्ष्य की ओर आसानी से बढ़ती दिख रही थी, लेकिन 16वें ओवर में जैसे ही जेसन होल्डर ने हार्दिक पांड्या (19) को बोल्ड किया और इसके एक गेंद बाद ही संजू सैमसन (12) रन आउट हुए तो मैच का पासा ही पलट गया. हालांकि कप्तान हार्दिक पांड्या इस हार से दुखी नहीं हैं उन्होंने कहा कि यह टीम युवा है और युवा टीम गलतियां करेगी.
हार्दिक पांड्या और राहुल द्रविड़ ने की युजवेंद्र को बैटिंग से रोकने की कोशिश, अंपायर को देना पड़ा दखल
टी20 में डेब्यू करते ही मुकेश कुमार ने रचा इतिहास, केवल दो भारतीय क्रिकेटर हासिल कर पाए हैं ये कीर्तिमान
पांड्या ने मैच के बाद कहा, 'हम सही दिशा में लक्ष्य का पीछा कर रहे थे और बहुत आरामदायक स्थिति में थे. हमने कुछ गलतियां कीं और इसकी वजह से हम मैच हार गए, जो ठीक है. एक युवा टीम गलतियां करेगी. हम एक साथ बढ़ेंगे. इस पूरे मैच के दौरान हम नियंत्रण में थे।

# तिलक वर्मा के शानदार डेब्यू पर साउथ अफ्रीका से आई बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** युवा मिडल ऑर्डर बल्लेबाज तिलक वर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मैच से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज किया. उन्होंने यहां 38 रन की बेहतरीन पारी खेली. इस पर आईपीएल में उनके साथी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने वीडियो कॉल कर दी बधाई. भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा के लिए गुरुवार का दिन बेहद यादगार था. उन्हें यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हुई 5 मैचों की टी20 सीरीज से अपने इंटरनेशनल करियर का आगाज करने का मौका मिल गया. तिलक ने यहां शानदार शुरुआत की उन्होंने पहले फील्डिंग में एक हैरतअंगेज कैच भी लपका, जिसकी तुलना भारतीय फील्डिंग स्टार रवींद्र जडेजा से हो रही है. वेस्टइंडीज से हारकर दुखी नहीं हैं कप्तान हार्दिक पांड्या, बोले- टीम युवा है गलतियां करेगी हार्दिक पांड्या और राहुल द्रविड़ ने की युजवेंद्र को बैटिंग से रोकने की कोशिश, अंपायर को देना पड़ा।इसके बाद बैटिंग में उन्होंने अपनी छाप छोड़ दी. नंबर 4 पर बैटिंग के लिए उतरे तिलक ने 22 बॉल में 39 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 3 छक्के शामिल थे. हालांकि वह पारी के 11वें ओवर में आउट हो गए और उनकी यह शानदार पारी भारत को जीत नहीं दिला पाई.लेकिन कुल मिलाकर तिलक ने अपने खेल से सभी को प्रभावित किया और उनकी बैटिंग की धूम साउथ अफ्रीका तक सुनाई दी. आईपीएल में उनकी टीम मुंबई इंडियन्स के साथी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस भी उनके हमउम्र खिलाड़ी हैं और वह भी साउथ अफ्रीका की नेशनल टीम में अपने डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं. ऐसे में जब तिलक को डेब्यू का मौका मिला तो वह भी काफी उत्साहित दिखाई दिए.

ब्रेविस ने तिलक को वीडियो मैसेज कर इस शानदार डेब्यू के लिए खास बधाई दी है. ब्रेविस ने तिलक को उनके भविष्य के लिए ऑल द बेस्ट कहा है. उन्होंने इस वीडियो में कहा, 'मुझे पूरी उम्मीद है कि तुम बहुत उत्साहित होगे. मुझे नहीं पता कि मैं तुमसे ज्यादा उत्साहित क्यों हूं? लेकिन मैं तुम्हें अपनी और ब्रेविस परिवार की ओर से तुम्हारे डेब्यू पर बहुत बधाई देता हूं. यह तुम्हारे और तुम्हारे परिवार के लिए बहुत शानदार लम्हा है. मैं सिर्फ सोच सकता हूं कि इस वक्त तुम्हारे माता-पिता और बाकी सबको कैसा लग रहा होगा. तुम्हें तुम्हारा सपना पूरा करते देख बहुत अच्छा लग रहा है. और तुम्हारी दूसरी और तीसरी गेंद पर मेरे रौंगटे खड़े हो गए थे. मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं. और बाकी सीरीज के लिए भी तुम्हें शुभकामनाएं. मैं तुम्हें और पूरी टीम इंडिया का समर्थन कर रहा हूं.'

इस मैसेज को सुनने के बाद तिलक वर्मा ने भी कहा कि मैं यहां अपने कोच या किसी परिजन के मैसेज की उम्मीद कर रहा था. लेकिन यह तुम हो मैं बस तुम्हें अब वीडियो कॉल करता हूं और फिर बात करते हैं.

इस मैच की बात करें तो मेजबान वेस्टइंडीज ने यहां ने भारत के सामने 150 रनों का टारगेट रखा था. भारतीय टीम यहां 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 145 रन ही बना पाई और वह 4 रन से यह मैच हार गई. अब 5 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया 0-1 से पीछे है, जबकि सीरीज का दूसरा मैच रविवार को गुयाना में खेला जाएगा.

## रंग संसार

# ओएमजी 2, गदर 2 में जानें किसने मारी बाजी, हाउसफुल हुई ये फिल्म

**मुंबई, एजेंसी।** सनी देओल पर्दे पर एक बार फिर से गदर मचाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं और इसके साथ ही इस बार सनी के सामने कोई और नहीं बल्कि खिलाड़ी अक्षय कुमार हैं जो अपनी फिल्म का सिक्लव ओह मॉय गॉड 2 लेकर आ रहे हैं. बता दें गदर और ओह मॉय गॉड दोनों ही सीक्वल फिल्में और अब देखान हैं कि दोनों में कौन सी फिल्में धमाका करने वाली हैं. तो चलिए देखते हैं कौन सी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एडवांस बुकिंग में कौन सी फिल्म क्या कर रही है




### गदर 2 का धमाका

लंबे समय बाद बॉलीवुड एक्टर सनी देओल अपनी फिल्म गदर 2 के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं और इस फिल्म को लेकर उन्हीं काफी उम्मीदें भी हैं. साल 2001 में अनिल शर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'गदर' ने बॉक्स ऑफिस पर सच में गदर मचा दिया था. अब 22 सालों बाद डायरेक्टर अनिल शर्मा गदर 2 लेकर आ रहे हैं.

### गदर की जमकर हो रही है एडवांस बुकिंग

फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा गदर 2 को लेकर हो रही एडवांस बुकिंग को देख काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने इस बात को ट्विटर पर भी जाहिर किया है. अनिल शर्मा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'बस अभी बुक माई शो देखा. राज मंदिर जयपुर पूरे सप्ताह के लिए येलो है.. भगवान गदर 2 पर मेहरबान हैं, जबरदस्त बुकिंग हो रही है.. जबकि आईनॉक्स पीवीआर और अन्य मल्टीप्लेक्स में बुकिंग अभी तक खुली नहीं हैं.. आज शाम को खुलने जा रही है..धन्यवाद ऑडियंस'. सैनलिक.कॉम की रिपोर्ट की मानें तो दूसरे दिन 'गदर 2' की एडवांस बुकिंग में काफी उछाल देखने को मिला और इस फिल्म की अब तक 40 हजार के आसपास टिकट बिक चुकी है. रिलीज के सात दिन पहले 3 अगस्त तक 'गदर-2' लगभग 1.10 करोड़ के लगभग बिजनेस किया है.

ओएमजी 2 की बात करें तो यह भी अक्षय कुमार की ओएमजी का सीक्वल है. ओएमजी 2 की भी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है. नेशनल चेन में पीवीआर और आइनॉक्स के 1020 टिकट्स बिक चुके हैं. वहीं सिनेपॉलिस में मंगलवार रात 8 बजे तक 68 टिकट बिके थे. बता दें कि यह संख्या फिल्म के ट्रेलर आने से पहले की है. उम्मीद है कि ट्रेलर कल आया है और उम्मीद है कि इससे और धमाका होगा. ओएमजी 2 की बात करें तो इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी नजर आने वाली हैं

# आलिया के गाने पर मुन्नी का झुमका वाला डांस, वीडियो वायरल





**मुंबई, एजेंसी।** सलमान खान स्टारर फिल्म 'बजरंगी भाईजान' की मुन्नी यानी हर्षाली मल्होत्रा इन दिनों सोशल मीडिया पर अक्सर चर्चा में रहती हैं. फिल्म में हर्षाली ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ दमदार एक्टिंग की थी और इसी फिल्म से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. वहीं सोशल मीडिया पर हर्षाली की एक वीडियो वायरल हो रही है. जिसमें वो काफी शानदार डांस करती हुई नजर आ रही हैं. हर्षाली वीडियो में हालिया रिलीज हुई फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के सॉन्ग 'व्हाट झुमका' पर थिरकते नजर आ रही हैं. ये वीडियो हर्षाली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए बहुत ही प्यारा कैप्शन भी दिया है. वीडियो देखने के बाद मुन्नी के फैंस अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

### इस लुक में हर्षाली ने किया डांस

सोशल मीडिया पर शेयर किए हुए वीडियो में हर्षाली ने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का गाना 'व्हाट झुमका' पर डांस किया और इसको रीक्रिएट करते हुए सोशल मीडिया पर धमाका कर दिया. वीडियो में देख सकते हैं जब सॉन्ग स्टार्ट होती हैं तो हर्षाली मल्होत्रा सिंपल लुक में नजर आती हैं फिर अचानक से वो ग्लैमरस लुक के साथ घाघरे में आ जाती हैं अभी सॉन्ग 'व्हाट झुमका' का ट्रेंड चल रहा है, जिसको लेकर हर्षाली ने ये वीडियो बनाया है. इस वीडियो के कैप्शन में लिखा,'ट्रेंड के साथ जा रहे हैं..'व्हाट झुमका?'.

### फैंस ने किया रिएक्ट

मुन्नी यानी हर्षाली मल्होत्रा के शेयर किए हुए वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस के कमेंट्स की भरमार लगी है. सोशल मीडिया यूजर ने लिखा'ये सब छोड़ो इस बार मैं जाऊंगा मुन्नी को पाकिस्तान छोड़ने. तो एक ने लिखा,'उनके अंदर की मासूमियत उनकी आंखों और बॉडी लैंग्वेज में देखी जा सकती है.' वही कुछ लोगो ने बजरंगी भाईजान से रिलेट करते हुए लिखा,'मुन्नी झुमका तारों के नीचे से मिला क्या?' एक का कहना था,'कृपया हर्षाली अपने बाल कभी न काटें, वे माशाअल्लाह बहुत सुंदर हैंज.भले ही आप हीरोइन बन गई.' एक ने लिखा,'कितनी प्यारी हो गई है हमारी मुन्नी.' इस तरीके की कमेंट्स की लाइन लगी हुई है लेकिन फिलहाल मुन्नी ने अभी किसी भी कमेंट्स पर रिएक्शन नहीं दिया है.

# मैं निकला गड्डी ले के गाना रिलीज सकीना-तारा का दिखा पुराना अंदाज



**मुंबई, एजेंसी।** सनी देओल और अमीषा पटेल अपनी फिल्म 'गदर 2' से धमाल मचाने को तैयार हैं. 22 साल के लंबे इंतजार के बाद फिर से सकीना और तारा सिंह की जोड़ी ऑन स्क्रीन धमाल मचाने वाली है. फैंस को एक बार फिर तारा सिंह और सकीना धमाल सिल्वर स्क्रिन पर देखने को मिलेगी. इस बीच फिल्म के मेकर्स ने फिल्म का गाना 'मैं निकला गड्डी ले के' का नया वर्जन रिलीज कर दिया है, जो हर किसी के दिल को पसंद आ रहा है. सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म 'गदर 2' में जहां सबकी नजर खासतौर पर इस जोड़ी पर है. ऐसे में इस गाने में भी मेकर्स ने तारा-सकीना के चार्म को पूरी तरह से दिखाने कोशिश की है. गाने के बोल वही पुराने हैं लेकिन इसे नई धुन के साथ दर्शकों के बीच परोसा गया है. तारा और सकीना के साथ-साथ उनका लाडला बेटा जीते भी इस बार गड्डी लेके निकल पड़ा है.

**दिखा सकीना और तारा का रोमांस**–इस गाने में तारा और सकीना के साथ उनका बेटा जीते भी झूमता नजर आया. मैं निकला गड्डी ले के गाने में आप देख सकते हैं तारा सिंह के बेटे एक मोटर साइकिल की डिमांड करते हैं, जो कि सनी देओल उन्हें दिलाने से साफ मना कर देते हैं. फिर सकीना के एक बार कहने पर वो मान जाते हैं और बेटे की यह इच्छा पूरी कर देते हैं।

### 11 अगस्त को आएगी फिल्म

बता दें कि, गदर एक प्रेम कथा साल 2001 में रिलीज हुई थी. अब 22 साल बाद सनी देओल इस फिल्म का सीक्वल लेकर आ रहे हैं, जिसे देखने के लिए फैंस बेताब हैं. यह फिल्म 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. 22 साल बाद भी वही उतकर्ष तारा सिंह और सकीना के बेटे का रोल निभाते हुए नजर आएंगे. देखना होगा सनी देओल की यह फिल्म अक्षय कुमार की ओएमजी 2 को कड़ी टक्कर दे पाएगी या नहीं.

moviemagic
#Magically Refreshed
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
9:15 AM 10:15 AM
1:30 PM 3:30 PM
4:45 PM 6:30 PM
7:45 PM 9:30 PM
10:45 PM
M. I. 2D
Hindi 10 AM
BAIPAN BHAARI DEVA
MARATHI
12:30 PM
OPPENHEIMER 2D
English 7 PM
Hindi 1:15 PM 10:30 PM
BARBIE
ENGLISH
4:30 PM
SPECIAL OFFER
ENTIRE DAY ALL SHOWS AT JUST ₹ 95/-
ADVANCE BOOKING OPEN FOR GADAR 2
For Enquiry, Contact: 07612662222

Call for Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA
ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI
09:00 AM | 12:15 PM | 03:30 PM
04:00 PM | 06:45 PM | 07:15 PM
10:00 PM
OPPENHEIMER
09:00 AM | 12:30 PM
10:30 PM
SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

रक्षाबंधन शुभ मुहूर्त

# रात 9 बजे से बहने बांधे भाइयों को राखी

जबलपुर, यशभारत। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा की तिथि पर मनाए जाने वाले रक्षाबंधन का त्यौहार इस बार दिन में न होकर रात में मनाया जाएगा। जिसको लेकर यश भारत में प्रसारित होने वाले जीवन ज्योतिष कार्यक्रम में आशीष शुक्ला द्वारा ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास से चर्चा की गई। जहाँ इसके कारणों को जाना, साथ ही राखी बांधने के सही समय को भी पूछा। जिसके विषय में पंडित लोकेश व्यास द्वारा सारगर्भित उत्तर दिए गए। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल व यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं।

## रात 9.00 बजे से बांधे राखी

कार्यक्रम की शुरुआत में संचालक आशीष शुक्ला द्वारा पूछा गया कि इस बार रक्षाबंधन के मौके पर बहनें किस मुहूर्त में अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधे। जिस के उत्तर में पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि इस बार राखी बांधने का समय दिन में न होकर रात में है। जो रात्रि 8.59 से प्रारंभ होगा और देर रात तक रक्षाबंधन का मुहूर्त रहेगा। इसके कारण के विषय में पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि रक्षाबंधन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है जो 30 अगस्त को सुबह 10.13 से लेकर अगले दिन 7.46 तक रहेगा। लेकिन उसी दिन सुबह 10.13 से भद्रा प्रारंभ हो रही है और भद्रा के दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। रात्रि में 8.59 बजे भद्रा का समापन होगा उसके बाद रक्षाबंधन का त्यौहार मनाना चाहिए। और अगले दिन प्रतिपदा होने के कारण प्रातः भी राखी बाँधना निषेध रहेगा यहि शास्त्र सम्मत है।

यश भारत जीवन ज्योतिष

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं



## रावण का हुआ था कुल नाश

चर्चा के दौरान जानकारी दी गई कि रावण की बहन शूर्पणनखा द्वारा उसे रक्षाबंधन के दिन भद्रा के दौरान राखी बांधी गई थी। जिसके चलते रावण का कुल नाश गया था। ऐसे में ज्योतिष व सनातन परंपराओं पर विश्वास रखने वाले लोगों को 30 अगस्त के दिन रात्रि 8.59 के बाद ही अपने भाइयों को राखी बांधनी चाहिए जो ज्योतिष व शास्त्र सम्मत रहेगा।

## क्या है भद्रा

पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि जब चंद्रमा पर कुंभ मीन कर्क और सिंह राशि का प्रभाव पड़ता है तो उसका असर धरती पर पड़ता है। शास्त्रों के अनुसार इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं होना चाहिए। 30 अगस्त को श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के दिन सुबह 10.36 मिनट से चंद्रमा कुंभ राशि पर आ रहा है जिसके चलते भद्रा रहेगी और इस दौरान कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए।

देखी-अनदेखी

# रविवार को जिम्मेदारों को नहीं सुनाई देती मोबाइल की घंटी..



विवेक दुबे

सरकारी दफ्तरों में अफसरशाही को खत्म करने के लिए सरकार भले ही लाख दावे कर ले लेकिन सरकारी महकमों में पदस्थ जिम्मेदार अपनी आदतों में सुधार नहीं कर पा रहे हैं। आलम ये है कि अधिकांश जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों को रविवार के दिन कान में कम सुनाई देने लगता है। उन्हें मोबाइल की रिंग सुनाई नहीं देती है।उन्हें जनता की तकलीफों से कोई मतलब नहीं रहता। नतीजा ये रहता है कि पीड़ित लोग विभागों में घंटों फोन लगाते रहते हैं किसी का फोन उठता ही नहीं है तो किसी का मोबाइल ही बंद रहता है। ऐसे में जनता अपनी समस्या बताए तो किसे बताए। उधर जिम्मेदार अपनी मौज में व्यस्त रह रहे हैं। ताजी घटना गढ़ा की सामने आई जहां एक गरीब दिव्यांग ऑटो चालक का कच्चा मकान कुछ दिनों पहले रविवार के दिन गिर गया। इसके बाद वो नगर निगम, जिला प्रशासन के जिम्मेदारों को फोन लगाता रहा लेकिन अंत तक उसकी मदद करने कोई नहीं पहुंचा। अंत में रोते हुए दिव्यांग कहने लगा कि उसका फोन कोई उठा ही नहीं रहा है अब क्या करूं, किससे अपनी व्यथा कहें।बड़े अधिकारियों द्वारा समय-समय पर बैठक लेकर लाख दावे, निर्देश दिए जाएं कि किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करें लेकिन कई जिम्मेदार अपनी मनमानी पर उतारू हैं और उसका खामियाजा जनता भुगतने मजबूर है। इन सबसे ये तो स्पष्ट हो गया है कि साहब को रविवार को बस फोन मत लगाओ बाकी दिन वे हमेशा कार्रवाई के लिए खड़े हैं। ये परिदृश्य शहर के कई सरकारी महकमों का है। जिसके प्रति जनता अपना रोष व्यक्त करने नहीं रुक रही है। और आला अधिकारियों सहित विभागों के जिम्मेदारों को कोस रही है।

## मेडिकल में जूनियर डॉक्टरों ने शुरू की हड़ताल



**जबलपुर यशभारत।** भोपाल के गाँधी मेडिकल कॉलेज में हुए सुसाइड केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन के बैनर तले चल रही हड़ताल को नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों ने समर्थन देने के बाद अब आज से हड़ताल शुरू कर दी है। खास बात यह है कि स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावित न हों इसके लिए जूडा अपने टेंट के नीचे ही पैरेलल ओपीडी भी चला रहे हैं। शुक्रवार को जूनियर डॉक्टर्स एसो. जबलपुर के पदाधिकारियों ने इस संबंध में प्रभारी डीन को पत्र सौंपा और काली पट्टी बाँधकर कार्य किया। जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों भी डॉ हड़ताल पर जा रहे हैं। इधर प्रभारी डीन डॉ. परवेज सिद्दीकी ने मरीजों के हित में हड़ताल पर न जाने के लिए जूडों को पत्र लिखा है, साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिकारियों से व्यवस्था दुरुस्त बनाने के निर्देश दिए हैं।

जेल अधीक्षक को भी नहीं छोड़ा, सराफा पहुंचे थे माल गलाने, दोनों के ऊपर दर्ज है 40 से 50 मामले

# शहर के शातिर चोरों ने नरसिंहपुर में की चोरी

## दोनों आरोपी गिरफ्तार, उगले जबलपुर के सराफा व्यपारियों के नाम



**जबलपुर, यश भारत।** संस्कारधानी एक ऐसा शहर जहां पुलिस की कानून व्यवस्था की समय-समय पर तारीफ होती रहती है कानून ढांचा ऐसा कि दूसरे शहरों पर शहर की कानून व्यवस्था की मिसालें दी जाती है परंतु कभी-कभी कानून व्यवस्था में ढांचे के साथ अपराधिक ढांचे की भी चर्चा हो जाती है क्योंकि मामले ही कुछ ऐसे होते हैं जहां पर अपराधियों की अपराधिक प्रवृत्तियों की बातें खास हो जाती हैं ऐसा ही एक मामला नरसिंहपुर शहर का है जिसमें शहर के दो प्रख्यात चोरों ने अपनी चोरी से नरसिंहपुर में अपना नाम विख्यात किया है। इनके द्वारा शहर में चोरी के अब तक 40 से 50 मामले दर्ज हैं जिसमें कि एक आरोपी पर गढ़ा में और संजीवनी नगर में मिलाकर 50 मामले तथा दूसरे आरोपी पर 40 मामले दर्ज हैं। इनके द्वारा नरसिंहपुर और मंडला में भी बड़ी चोरियां की गई थी जिसके बाद नरसिंहपुर पुलिस भी इन्हें लगातार तलाश कर रही थी और मुखबिर की सूचना के उपरांत नरसिंहपुर पुलिस ने इन दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के बाद जो खुलासे हुए वह चौंकाने वाले थे।

### शहर के हैं बड़े चोर

दोनों आरोपी जबलपुर में पूर्व में भी घटित चोरी की वारदात कर चुके हैं। नरसिंहपुर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ एवं पतासाजी कर पाया गया कि दोनों आदतन चोरी करने वाले अपराधी है जिनमें से गढा थाना अंतर्गत आरोपी यासीन उर्फ आशु अली के विरूध्द जिला जबलपुर व नरसिहपुंर में चोरी के करीबन 40 से अधिक अपराध पंजीबध्द है। वही माढ़ोताल थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले चोर गुड्डू उर्फ भागवत चौधरी के ऊपर भी चोरी के बहुत से मामले दर्ज हैं। इसके अलावा दूसरे शहरों में भी इनके द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया है।

### जेल अधीक्षक के घर में भी की थी चोरी

दोनों आदतन चोर द्वारा जेल अधीक्षक शैफाली तिवारी के भी घर में चोरी की गई थी। इसके अलावा रेल कॉलोनी, पीजी कॉलेज के प्रोफेसर और एक चिकित्सक के घर में चोरी करने का मामला सामने आया था। गढ़ा एवं संजीवनी नगर थाना अंतर्गत यासीन और आशु अली के ऊपर कई मामले दर्ज हैं।

### सराफा में थी माल गलाने की तैयारी

पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी जबलपुर के कोतवाली थाना अंतर्गत सराफा बाजार में माल गलाने के लिए दो ज्वेलर्स की दुकानों में पहुंचे थे जिसके बाद पुलिस को यह सूचना प्राप्त हो गई और नरसिंहपुर पुलिस द्वारा इन दोनों चोरों को पकड़ लिया गया।

### आरोपियों की गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका

नरसिंहपुर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त दोनों आरोपियों की पतासासी एवं मशरूका बरामदगी में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव चाटे, उनि मनीष मरावी, आरक्षक जितेन्द्र सिंह, आरक्षक प्रहलाद माधवे, आरक्षक पंकज सिंह राजपूत, आरक्षक नीलेश दुबे, आरक्षक राहुल तिवारी, आरक्षक जितेन्द्र राणा, आरक्षक उमेश्वर पाठक, नगर रक्षा समिति सदस्य शुभम मालवीय की सराहनीय भूमिका रही।

# बारिश में गिरे पेड़ से राहगीरों को खतरा अभी तक नहीं हो सकी कार्रवाई





**जबलपुर, यशभारत।** मूसलाधार बारिश के चलते जगह जगह पेड़ गिरने के बाद राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आज तक घटना स्थल पहुंचे और ना ही पेड़ों को रास्ते से साफ किया। बरेला स्वास्थ्य केन्द्र के सामने केबिल में लिपटकर गिरा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बना रहा तो वहीं नर्मदा ग्रीन कॉलोनी बरेला के पास भी गिरे पेड़ को आज तक नहीं उठाकर साइड किया जा सका। मामलों की शिकायत ग्रामीणों ने एमपीईबी को भी की लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी।

## हाई कोर्ट ने राज्य सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई पर लगाई रोक



**जबलपुर यशभारत।** हाई कोर्ट ने सड़क पर स्टंटबाजी करते हुए वाहन चलाने के आधार पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने इस अंतरिम आदेश के साथ ही प्रमुख सचिव गृह, संभागायुक्त भोपाल और पुलिस कमिश्नर भोपाल को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 सितंबर वाले सप्ताह में निर्धारित की गई है।

### भोपाल निवासी याचिकाकर्ता की ओर से यह दी गई दलील

याचिकाकर्ता भोपाल निवासी जुबैर मौलाना की ओर से अधिवक्ता प्रशांत चौरसिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भोपाल पुलिस कमिश्नर ने याचिकाकर्ता के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई का आदेश जारी किया। इसके अंतर्गत दोपहिया व चार पहिया वाहन में बैठने या चलाने को निषेध कर दिया गया। इस आदेश को संभागायुक्त के समक्ष चुनौती दी गई। किंतु संभागायुक्त ने अपील निरस्त कर दी। इसीलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर करनी पड़ी। दरअसल, इस तरह किसी को वाहन में बैठने या वाहन चलाने वे वंचित नहीं किया जा सकता। यह उसके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन है। राज्य की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता स्टंटबाजी करते हुए वाहन चलाकर स्वयं व दूसरों का जान को खतरे में डालता है। इसीलिए कठोर कार्रवाई की गई।

## शासकीय जमीन पर अतिक्रमण की जांच के लिए बनाएं कमेटी

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के मामले में नरसिंहपुर कलेक्टर को जाँच के लिए 5 अधिकारियों की कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि यदि अवैध कब्जे पाए जाते हैं तो उन्हें हटाने की कार्रवाई करें। कोर्ट ने इसके लिए 60 दिन की मोहलत दी है। कोर्ट ने कहा कि कार्रवाई के बाद याचिकाकर्ता के साथ-साथ रजिस्ट्री को भी सूचित करें।

## बृजेश रावत का आकस्मिक निधन



**जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य समाज के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश रावत जी के अनुज बृजेश रावत जी का आकस्मिक निधन हो गया है अंतिम यात्रा निज निवास से 10.00 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रेटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑप्थलमोलॉजिस्ट
नौदरा ब्रिज, जबलपुर मो. 76102-76101, 9119-99828
उपलब्ध सुविधायें
+ रेटिना (आँख के परदे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
+ मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
+ ICL/IPCL-चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
+ न्यूरो-ऑपथलमोलॉजी
+ सतमासे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
+ लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL,Lris Claw Lens)

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लम्ती विजयनगर में सिंगल एक्स उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022

"A name of Quality Education" ESTD-2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/ रेगुलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
एडमीशन ओपन
➔ नर्सरी से क्लास फर्स्ट तक टोटल एडमिशन फ्री (लिमिटेड शीट्स)
➔ मिडिल क्लासेस से ही कॉम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी
➔ एग्रीकल्चर सहित सभी विषय उपलब्ध है।
ब्रांच - अधारताल/गोहलपुर
नोट-हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100 प्रतिशत रिजल्ट।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
हॉस्टल+ बस सुविधा
Dr. Vijay Kant Tiwari (Director)
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर- 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर - 9111009016, 0761-4111321
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक

SOCE SHALBY | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS In association with SMJ Trust
समस्त हड्डी एवं जोड़ रोगों का बेजोड़ इलाज
95758 01022
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर
अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेठवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant (Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
• दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
• महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
• सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
समयः प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
M: 9329075441 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गोमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

Health & Home Care Services
We Care Like Family
Quality Care You Can Trust in reasonable charges without any Commissions.
One stop solution for All types of health & home care needs by professional & proficient service
Our Services:
• Elderly Care - Bed Bath, Medication Reminder, Feeding assistance etc.
• Patient Care - Daily assistance, Preventing falls and injuries,Bedridden patients care etc.
• Personal Care - Exercises, Yoga, Skin Care etc.
• Mother & Baby Care - Newborn care, Special ized care for low-birth-weight babies etc.
• Child Care - School Asst., Meal Preparations, learning activities etc. Household Help - Cooking, cleaning, pets care etc.
Contact Us - Mobile 7489313112, 9538930963
Email - jabalpurcareservices@gmail.com Website - https://www.health-homecares.com/eldercare

GYANAYATAN COLLEGE OF MANAGEMENT
Approved by AICTE New delhi & Affiliated from RDVV, Jabalpur
MBA
ADMISSION OPEN- 2023-24
100% CAMPUS
ST/SC/OBC विद्यार्थियों को शासन के अनुसार स्कॉलरशिप सुविधा
* HR * FINANCE * MARKETING * IT
Venue : Near Green Valley Public school, Karmeta, Patan Road, Jabalpur
Contact : 9926184814,9589852236 Website : www.gcmjbp.in

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)